Love All Serve All

MAHAVIR INTERNATIONAL

Live And Let Live

RNI No. RAJBIL/2013/53515

# महावीर प्रवाह

# MAHAVIR PRAVAH

A Non Religious Social Service Organization

जयपुर

Publication Date: 28th Per Month • Year 12th, February 2025, Issue 03 • Despatch Date: 28th Per Month • Total Pages: 38 • Rate: 5/-



# पर्यावरण संरक्षण

## जन जागृति अभियान, कपड़े की थैली मेरी सहेली





बेबी किट वितरण कार्यक्रम म.इ. झुंझुनू केंद्र



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम म.इ. सुनंदा वीरा केंद्र अजमेर

# GLIMPSES OF ACTIVITIES



जीवन रक्षक किट विमोचन कार्यक्रम म.इ. मंदसौर केंद्र




भोजन वितरण कार्यक्रम म.इ. पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर



रक्तदान शिविर का आयोजन म.इ. गुरुग्राम केंद्र



जीवदया कार्यक्रम म.इ. चित्तौड़गढ़ केंद्र

**International President**
**Vir CA Anil Jain (MiGF)**
president@mahavirinternational.org

**International Secretary General**
**Vir Ashok Kumar Goyal (MiGF)**
sg@mahavirinternational.org

**Editor**
**Vira Dr. Rashmi Saraswat**
Flat No.-963, Sector-9,
Malviya Nagar, Jaipur -302017
Mob.: +91 6376968501
dir.wc@mahavirinternational.org

**Advisor :**
**Vir Devi Chand Shrishrimal**
Mob.: +91 9893653441
advt@samvetshikhar.com

**Co-Editor :**
**Vir Sandeep Dangi (MiF)**
Mob. : +91 9824113571
dangisandeep@gmail.com

**Vir Sunil Gang (MiF)**
Mob.: +91 9414165165
sunilgang56@rediffmail.com

**Deputy Editor :**
**Vir CA Ayush Jain**
Mob. : +91 9930179585
mahaveerinternational2122@gmail.com

**Vira Sarika Agarwal**
Mob.: +91 9414388872
sarikaji1978@gmail.com

**Vir Hastimal Banthia**
Mob.: +91 9879560524
hastimallbanthia@gmail.com

**Bank Details :**
**Mahavir International Foundation Trust**
Saving Account No. 61062861475
**Mahavir International Apex**
1. Saving Account No. 61085014726
   IFS Code : SBIN0031033
   STATE BANK OF INDIA
   Branch : Tilak Nagar, Jaipur
2. Current Account No. 675705602397
   ICICI Bank
   Branch : Janta Colony, Jaipur
   IFS Code : ICIC0006757

**Website :**
www.mahavir.international

**For sending reports :**
reports@mahavirinternational.org

**To communicate with Jaipur Office :**
office@mahavirinternational.org

**Facebook :**
**Page :** https://www.facebook.com/mahavirinternationalapex
**Group :** https://www.facebook.com/mahavirintnlapex

**Instagram link :**
https://www.instagram.com/mahavir_international_apex/

**Layout & Designer :**
**SJ Creations**
+91 9911278543
sarika1_designer@yahoo.co.in

**Printer :**
Ashoka Offset, Jaipur
+91 9982292263

# Contents

अध्यक्षीय संदेश ........ 04
महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि द्वारा विशिष्ट दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह ........ 05
महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, फरीदाबाद (MISF) की एक सकारात्मक पहल, जीवन रक्षण परियोजना में महावीर इंटरनेशनल के केंद्रों से आहवान ........ 07

**रीजन-1**
- नार्थ-1 संभाग ........ 08
- नार्थ-2 संभाग ........ 09

**रीजन-2**
- जयपुर संभाग ........ 10
- सीकर-झुंझुनू संभाग ........ 12

**रीजन-3**
- अजमेर संभाग ........ 14
- भीलवाड़ा संभाग ........ 16
- बिजयनगर-ब्यावर संभाग ........ 18
- चित्तौड़गढ़ संभाग ........ 19

**रीजन-4**
- डूँगरपुर-बासंवाड़ा संभाग ........ 21
- राजसमंद संभाग ........ 22
- उदयपुर संभाग ........ 23

**रीजन-5**
- बीकानेर संभाग ........ 24
- जोधपुर संभाग ........ 27
- नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग ........ 28

**रीजन-6**
- बाड़मेर-बालोतरा संभाग ........ 29

**रीजन-7**
- भोपाल संभाग ........ 30
- इंदौर-उज्जैन संभाग, रतलाम-नीमच संभाग ........ 31

**रीजन-8**
- सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग, गुजरात संभाग ........ 32
- मुंबई संभाग ........ 33

**रीजन-9**
- महाकौशल संभाग ........ 34
- विदर्भ संभाग ........ 35

**रीजन-10**
- तमिलनाडु-केरला संभाग ........ 35
- तेलंगाना संभाग ........ 36



**वीर अनिल जैन**
अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष



**वीर अशोक गोयल**
अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव

**सम्माननीय वीर बन्धुओं/वीरा बहनों,**
**जय महावीर।**

आशा हैं आप सभी सपरिवार प्रसन्नचित्त होंगे।

जीवन की सार्थकता स्वयं से हटकर दूसरों के लिए सोचना व मदद करना हैं, इसी नि:स्वार्थ भावना के साथ महावीर इंटरनेशनल के सदस्य काम करते हैं। नि:स्वार्थ सेवा भावना के साथ काम करने से न केवल समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता हैं, बल्कि यह हमारे अपने जीवन को भी समृद्ध बनाता हैं। जब हम दूसरों की सेवा में लगे होते हैं, तो हमारे मन में एक अनोखी शांति और संतुष्टि की भावना उत्पन्न होती हैं। महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों की सेवा भावना और निस्वार्थता की भावना समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दे रही हैं।

जैसा कि सभी को विदित हैं 50वां स्वर्ण जयंती समारोह 5-6 जुलाई, 2025 को बिरला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित होने जा रहा हैं। समारोह की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित सम्पन्न करने के लिए विभिन्न कमिटियों का गठन होकर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया हैं। कमिटियों के गठन की विशेष बात यह हैं कि सभी सदस्यों ने आगे बढ़कर स्वेच्छा से अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की हैं। आप सभी से आग्रह हैं कि सभी केंद्रों से इस अभूतपूर्व समारोह में अधिकाधिक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास करें। आप सभी की गरिमामय उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ेगी।

आप सभी जानते हैं कि संस्था के प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं देशभर के सदस्यों के बीच आपसी संवाद एवं जुड़ाव मजबुत करने के उद्देश्य से शुरू की गई अनूठी पहल **"ई-चौपाल"** डेढ़ वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हैं। प्रत्येक माह विभिन्न विषयों पर वार्ताएं, कार्यक्रम व समारोह पर चर्चा संभव हो पाती हैं। आप भी जुड़िये अन्य वीर-वीराओं को भी इसमें शामिल करिये। निश्चित रूप से हम सब मिलकर संस्था को कुछ अच्छा व नया दे सकते हैं।

आज के समय में दिव्यांगजनों ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प के बल पर असंभव को संभव कर दिखाया हैं। चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, शिक्षा का, संस्कृति का या विज्ञान का-इन असाधारण प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं। महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत द्वारा एक विशिष्ट दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभाशाली दिव्यांग व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल उनके असाधारण साहस और संघर्ष की सराहना हेतु, बल्कि समाज के समक्ष उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया। केंद्र के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस सराहनीय कदम के लिए बहुत-बहुत अभिनन्दन।

इसी तरह बीकानेर शहर के चारों केंद्रों के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत बीकानेर प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में जन जागरूकता की ओर पहल कर रखी हैं। इन विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ द्वारा जानकारी देकर कपड़े की थैली का वितरण किया जा रहा हैं। इस मुहीम में सहभागिता करने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनन्दन।

आप सभी परिवार सहित स्वस्थ, सुखी एवं समृद्ध रहे, इसी भावना के साथ ......

# महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि द्वारा विशिष्ट दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह 8 फरवरी 2025 SDJ इंटरनेशनल कॉलेज एंड स्कूल प्रांगण



**महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत** द्वारा एक विशिष्ट दिव्यांग प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभाशाली दिव्यांग व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ने न केवल उनके असाधारण साहस और संघर्ष की सराहना हेतु, बल्कि समाज के समक्ष उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया।

आज के समय में दिव्यांगजनों ने अपने अथक परिश्रम और संकल्प के बल पर असंभव को संभव कर दिखाया हैं। चाहे वह खेल का क्षेत्र हो, शिक्षा का, संस्कृति का या विज्ञान का- इन असाधारण प्रतिभाओं ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया हैं कि वे किसी से कम नहीं हैं। समाज को इनके संघर्षों और उपलब्धियों से सीखने की आवश्यकता हैं ताकि हम सभी मिलकर एक समावेशी और प्रेरणादायक वातावरण बना सकें।

### असाधारण प्रतिभाओं के धनी यह सितारे

पैरा ओलंपिक के इतिहास में भारत के एथलीट्स ने जो अद्वितीय प्रदर्शन किया हैं, वह प्रेरणादायक हैं। इस वर्ष, भारत ने 52 वर्षों के इतिहास में जितने भी पदक जीते थे, उससे कहीं अधिक 29 पदक अपने नाम किए। यह उपलब्धि यह दर्शाती हैं कि असाधारण प्रतिभा यूं ही नहीं होती, बल्कि यह कठिन परिश्रम, अटूट समर्पण और अथाह जज्बे का परिणाम होती हैं।

दिव्यांगजनों के लिए जीवन आसान नहीं होता। वे केवल बाहरी




चुनौतियों का सामना ही नहीं करते, बल्कि उन्हें समाज की मानसिकता और धारणाओं के खिलाफ भी लड़ना पड़ता हैं। यह लड़ाई केवल व्यक्तिगत स्तर पर नहीं होती, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए भी होती हैं।

जब बात पैरा एथलीट्स, कलाकारों, वैज्ञानिकों या किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांगजनों की होती हैं, तो यह केवल मेहनत या संघर्ष की बात नहीं होती, बल्कि यह एक ऐसी जंग होती हैं जो पहले स्वयं से लड़ी जाती हैं, फिर समाज की रूढ़ियों से और अंत में अपने क्षेत्र में खुद को साबित करने की होती हैं।



महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत, की अनूठी पहल में स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इन असाधारण प्रतिभाओं को एक नया मंच देने और मजबूत सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। हमारा संकल्प हैं कि हम इन विशेष प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक बनें।

इस विशेष कार्यक्रम में सूरत शहर की तमाम सेवा संस्थाओं को आमंत्रित किया गया ताकि वे भी इन प्रतिभाशाली व्यक्तियों के योगदान को सराहें और उनके सहयोग में अपना योगदान दें। **यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि एक सामाजिक जागरूकता अभियान भी रहा,** जो समाज को यह समझाने का प्रयास करेगा कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति के नहीं, बल्कि सम्मान और सहयोग के पात्र हैं।

महावीर इंटरनेशनल वीरा दृष्टि, सूरत, सभी सामाजिक संगठनों, गणमान्य व्यक्तियों, सेवा संस्थाओं और नागरिकों से अपील करता हैं कि वे इस महत्वपूर्ण पहल का हिस्सा बनें। यह हमारा दायित्व हैं कि हम इन विशेष प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करें और उनके संघर्ष की कहानियों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करें।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं प्रभु प्रार्थना से किया गया विभिन्न दिव्यांग संस्थाओं के बच्चों ने देशभक्ति एवं पर्यावरण जागरूकता के साथ फैशन शो एवं शिव तांडव की भी प्रस्तुति दी। कला शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांग ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। 35 दिव्यांग कल्याण संस्था एवं 61 सामाजिक संस्थाओं की उपस्थिति में प्रतिभाओं के सम्मान के साथ सहयोग की कामना की गई वीरा दृष्टि केंद्र चेयरपर्सन वीरा निशा सेठिया, सचिव वीरा सुमन जैन एवं वीर दृष्टि की समस्त वीराओं ने सेवा के नए संकल्प लिए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. विष्णु सिंह राजपूत कमिश्नर ऑफ दिव्यांग गांधीनगर गुजरात, पद्मा श्री डॉ. कन्नू भाई ट्रेलर dwiti सूरत, श्री सिद्धार्थ पारिध, सूरत जिला कलेक्टर, श्री विजय सिंह गुर्जर डीसीपी सूरत SDO लालजी पटेल, श्री कैलाश जैन चेयरमैन SDJ GROUP, श्री मनु भाई पटेल एमएलए उधना, महावीर इंटरनेशनल उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली, डायरेक्टर वीर सुरेंद्र मरोठी, वीर संदीप डांगी, जोन चेयरमैन वीर विनोद संकलेचा, वीर हस्तीमल बांठिया, वीर भरत संघवी, वीर संतोक नाहर एवं ट्रस्टी वीर राजकुमार सुराणा हैदराबाद एवं सभी महावीर इंटरनेशनल सूरत शाखाओं एवं विविध सेवा सामाजिक संस्था पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति रही।

**वीरा निशा सेठिया**
**केंद्र चेयरपर्सन**

# महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, फरीदाबाद (MISF) की एक सकारात्मक पहल
# जीवन रक्षण परियोजना में महावीर इंटरनेशनल के केंद्रों से आहवान
# (STEM CELL DONORS REGISTRY)
## (Applicable to healthy persons of the age group of 18 to 50 Years)




**(वीर सीए अजीत पटवा जैन)**
विषय संकलन कर्ता
सरंक्षक MISF
Mob.: 9868830012


स्टेम सेल मानव के शरीर के रक्त में एक छुपा हुआ एक तत्व हैं और वह तत्व कई लाखों इकाई में पाया जाता हैं, जिसका कुछ अंश (मात्र 5 से 8 प्रतिशत) अगर दान कर दिया जाए तो थैलासीमिया और रक्त कैंसर से ग्रसित मरीजों को पूर्णतया ठीक कर देता हैं। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह हैं कि दान करने से पूर्व स्टेम सेल को विकसित कर दिया जाता हैं अतः स्टेम सेल दान कर देने से किसी तरह की कोई कमी नहीं होती हैं।

स्टेम सेल का एक मिलान होता हैं बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के परिवार के लोगों से जिसके चांस 25 प्रतिशत तक हो पता हैं, अतः बाकी मरीज अनरिलेटेड दानदाता पर निर्भर होते हैं। इस तरह के मिलान HLA (Human Leukocye Antigens) से होता हैं, और HLA का मिलान बहुत मुश्किल से होता हैं। कई लाख लोगों का HLA मिलान करने से किसी एक का ही मिलान होना संभव होता हैं इसलिए आवश्यकता हैं कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्टेम सेल दानदाता का पंजीकरण करवावे और इसीलिए महावीर इंटरनेशनल के भारत के सभी केंद्रों से निवेदन किया जाता हैं कि इस जीवन रक्षण परियोजना में भागीदारी देने का मन बनावे।

स्टेम सेल दानदाता पंजीकरण बहुत सरल हैं, दानदाता से एक फॉर्म भरवाया जाता हैं और मुंह से दोनों तरफ से सलिवा लिया जाता हैं, यह सलिवा भारत के सबसे बड़ी स्टेम सेल दानदाता रेजिस्ट्री हैं, उसको भेज दिया जाता हैं, जहां पर लैब टेस्ट कर सलिवा के डाटा विश्व की स्टेम सेल मिलान की रेजिस्ट्री अमेरिका में भेज दिया जाता हैं जहां पर लेने वाले और देने वाले के विवरण उपलब्ध हैं और अगर किसी का HLA मिलान हो जाता हैं तब वास्तविक दान की प्रक्रिया प्रारंभ होती हैं। उस समय दानदाता से संपर्क किया जाता हैं और उसे बताया जाता हैं कि उसेक स्टेम सेल का मिलान किसी बीमार के व्यक्ति से मिल गया हैं और उससे पुनः स्वीकृति प्राप्त की जाती हैं, फिर उसकी स्वास्थ्य की जांच की जाती हैं कि पंजीकरण करने से फाइनल स्वीकृति प्राप्त होने तक दानदाता स्वस्थ हैं या नहीं, यह भी देखा जाता हैं। यह होने के उपरांत दानदाता को उसके निवास स्थान के ही किसी अस्पताल में बुलाया जाता हैं और वहीं पर वास्तविक दान होता हैं, हाँ इसमें करीब 4 से 5 घंटे का समय लगता हैं। और दानदाता के स्टेम सेल बीमार व्यक्ति के शरीर मे बोन मैरो के माध्यम से अंदर प्रवेश करवाया जाता हैं और वह बीमार व्यक्ति पूर्णतया स्वस्थ हो जाता हैं।

इससे बड़ी कोई निस्वार्थ सेवा नहीं हैं कि दान करते समय दानदाता को नहीं पता होता हैं कि किस व्यक्ति को उसके स्टेम सेल दिये जा रहे हैं (यानि इस हाथ दे और दूसरे हाथ को पता नहीं लगे कि युक्ति सार्थक होती हैं। हों 1 वर्ष के अंतराल पर स्टेम सेल दानदाता और प्राप्तकर्ता के मिलन की व्यवस्था बनाई जाती हैं और वो समय बहुत भावुक क्षण होते हैं। (यह स्थिति होती हैं बाप या माँ और पुत्र या पुत्री जैसा संबंध)।

इस स्टेम सेल के महत्वपूर्ण कार्य करने में **महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन, फरीदाबाद (MISF)** ने दात्री संस्था, चेन्नई के साथ समझौता किया हैं जिससे भारत में किसी स्थान पर पंजीकरण करने में कोई कठिनाई नहीं होती हैं।

अतः महावीर इंटरनेशनल के भारत के सभी केंद्रों से अपील की जाती हैं कि सभी केंद्र अपने सदस्यों के समूह में या अपने स्थान के किसी कॉलेज में या किसी बड़े कॉर्पोरेट ऑफिस में, या विश्वविद्यालय में एक gathering आयोजित करे, जहां पर **MISF** का प्रतिनिधि या दात्री का प्रतिनिधि पंजीकरण करने हेतु उपलब्ध हो जाएगा और वह प्रतिनिधि स्टेम सेल संबंधित सभी जानकारी देगा और किसी के संशय को भी दूर करेगा। इस संबंध में **MISF स्टेम सेल निदेशक वीर योगेश मल्होत्रा (9810261137) से संपर्क कर सकते हैं या अधोहस्ताक्षरी से भी संपर्क कर सकते हैं या परियोजना निदेशक वीर उमेश अरोड़ा (9811560892) से भी संपर्क कर सकते हैं।**

## रीजन-1

### नार्थ-1 संभाग

### महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र** द्वारा जनवरी माह में अपने तीन अस्पताल के माध्यम से 4148 एवं शिविरों के माध्यम से 10862 लोगों ने नेत्र जांच से लाभ लिया एवं सामान्य जांच





भोजन एवं कपड़े वितरण कार्यक्रम

शिविरों के माध्यम से 8719 एवं अस्पताल में 1375 लोग लाभान्वित हुए। केंद्र के अस्पतालों में सर्जरी: 205, डेंटल पेशेंट्स: 56, लैब पेशेंट्स: 889 मरीज लाभान्वित हुए। कुल 26254 मरीज लाभान्वित हुए। केंद्र द्वारा इस माह में 62 कैम्प लगाए गए। स्वस्थ सहेली प्रोजेक्ट के अंतर्गत मेंस्ट्रुअल हाइजीन: 854, सबको भोजन: 1000, ब्रैस्ट फीडिंग: 234 हुए। केंद्र द्वारा जनित्री कार्यशाला 19 बार आयोजित की गयी जिसमें 159 गर्भवती महिलाएं और 405 स्तनपान कराने वाली माताएं उनको गुडी बैग वितरित किए गए जिनमें बेबी किट, सेनेटरी नैपकिन, काला चना, मूंगफली और गुड़ के पैकेट शामिल थे। 2 जनवरी को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के सहयोग से दिल्ली भर के एमसीडी स्कूलों में स्कूली बच्चों के लिए 50 नेत्र जांच शिविर आयोजित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 16 जनवरी को खुशियों का बाजार कार्यक्रम के अंर्तगत राजधानी चेरिटेबल आई एंड मेडिकल सेन्टर नबी करीम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। वीरा विजन ग्रुप के इस्तेमाल किए गए कपड़ों का अच्छा संग्रह जरूरतमंदों को मामूली कीमत पर वितरित किया गया। इससे बहुत से लोगों को फायदा हुआ। 29 जनवरी को सफदरजंग अस्पताल में शिशु किट वितरण अभियान का आयोजन किया। सफदरजंग अस्पताल के स्त्री रोग वार्डों में नवजात शिशुओं और माताओं को 1000 सेनेटरी नैपकिन के साथ 95 ऊनी और 100 सूती शिशु किट वितरित किए गए। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अलवर केंद्र** द्वारा जनवरी माह में संचालित अस्पताल में निम्न सेवाएं प्रदान की जैसे नेत्र जांच: 719, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 109, नेत्र शिविर: 2, स्पेक्स: 109, फिजिशियन जांच: 453, फिजियोथैरेपी जांच: 315, डेंटल जांच: 39, गायनोकॉलोजी: 9, ऑर्थोपेडिक: 22, ENT: 10, डिजिटल एक्सरे में 90 एवं पैथोलॉजी जांच में 255 मरीजों को 30 प्रतिशत लाभ दिया गया। साथ ही केंद्र द्वारा कुछ विशिष्ट शिविर आयोजित किए गए जिसमें फ्री ब्लड शुगर जांच: 44, ब्लड प्रेशर जांच: 41, यूरिक एसिड: 38, थाइराइड: 28, लंग्स कैम्प: 23, ऑर्थोपैडिक कैम्प: 19, लिवर फंक्शन कैम्प: 35 की जांच की गयी। हरसौरा स्कूल में 125 बच्चों को जर्सी जूते दिए गए तथा 65 कपड़े की थैलियां वितरित की गयी।





नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

### महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल फरीदाबाद केंद्र** द्वारा जनवरी माह में भगवान महावीर हॉस्पिटल में आंख जांच: 521, नेत्र ऑपरेशन: 25, डेंटल चेकअप: 71, एक्यूप्रेशर उपचार: 150, न्यूरोथैरेपी उपचार: 152, फिजियोथैरेपी उपचार: 176, होम्योपैथी: 0, सेनेटरी नैपकिन भेजे गए: 39000, कम्प्यूटर शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र: 60 छात्र।

### महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल गुरुग्राम केंद्र** के सहयोग से सुशांत यूनिर्वसिटी के रोटरैक्ट क्लब द्वारा 28 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी निर्मल सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता और सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। युवा लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व के बारे में शिक्षित किया, बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए कपड़े के बजाय सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया। लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन के पैकेट वितरित किए गए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आवश्यक स्वच्छता उत्पादों तक पहुँच मिले। लड़कों के लिए एक अलग सत्र आयोजित



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

किया गया, जिसमें इस बारे में जागरूकता बढ़ाई गई कि वे मासिक धर्म के दौरान अपने घरों में महिलाओं की कैसे सहायता कर सकते हैं और उनकी देखभाल कर सकते हैं। 31 जनवरी को रूप पॉलिमर लिमिटेड, आईएमटी मानेसर और रोटरी क्लब गुड़गांव के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान 204 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस शिविर के दौरान प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए सभी दानदाताओं को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए। 8 फरवरी को रूप पॉलिमर्स लिमिटेड और रोटरी क्लब गुड़गांव के सहयोग से प्लॉट नंबर 7 रोज का मेव औद्योगिक क्षेत्र, सोहना में 158 यूनिट रक्त एकत्र किया। रक्त संग्रह के अलावा DATRI की टीम द्वारा रक्तदाताओं को स्टेम सेल दान के बारे में भी जागरूक किया गया। लगभग 50 रक्तदाताओं ने अपना Lokc पंजीकृत किया और आवश्यकता पड़ने पर स्टेम सेल दान करने का संकल्प लिया। प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए रक्तदाताओं को कपड़े के थैले भी वितरित किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर
## सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल प्रयास वीरा केंद्र अलवर** द्वारा 3 फरवरी को सत्र 2025 की प्रथम मासिक बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम सभी सदस्याओं ने मेरी भावना प्रार्थना द्वारा ईश्वर को याद किया गया तत्पश्चात बसंत पंचमी होने के उपलक्ष्य में सरस्वती वंदना की गई। मासिक बैठक में सत्र 2024 की आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष वीरा अनिता जैन द्वारा पेश किया जिसे सभी सदस्यों ने सुना और सोच-समझकर सहमति दी। कैश बुक और रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। Fund की कमी के चलते कई प्रोजेक्ट सही से गति नहीं पकड़ पाए इस बारे में अधिक से अधिक दानदाताओं से सम्पर्क करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद बैठक के बिंदुओं अनुसार सत्र 2025 में सदस्य संख्या वृद्धि हेतु प्रयास करने पर विचार विमर्श किया गया। एक अन्य प्रोजेक्ट जो नया चालू किया



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

जा रहा हैं "महिला आत्मरक्षा" इस हेतु सभी स्कूलों से संपर्क कर सेल्फ डिफेंस के शिविर लगाए जाने की सहमति ली गई। मासिक बैठक में चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा, सचिव वीरा रुबी सुराणा, कोषाध्यक्ष वीरा अनीता जैन, वीरा मंजू शर्मा, वीरा रेखा सचेती, वीरा सुमन सचेती, वीरा निधि सचेती, वीरा अलका जैन, वीरा रेखा गुप्ता ने उपस्थित रहकर सभी बिंदुओं पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मासिक बैठक के पश्चात सभी सदस्यों ने मिलकर नया बास स्थित दिव्यांग आश्रम में मानव सेवा प्रोजेक्ट के तहत 15 लीटर तेल दिव्यांग बालकों के लिए भेंट किया। केंद्र द्वारा केंद्र चेयरपर्सन वीरा लता शर्मा, वीरा रितु अनेजा, व्याख्याता वर्षा भाटिया, UDC पिंकी और रामकला जी की उपस्थिति में गरिमा प्रोजेक्ट के तहत "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" स्लोगन के साथ डाइट की छात्राध्यापिकाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई और एक कार्टन सेनेटरी नैपकिन (100 पैकेट) वितरित किए गए।

# नार्थ-2 संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अंबाला सिटी केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** 15 फरवरी को कॉनकॉर द्वारा प्रायोजित अंबाला पंजाब के निकट कॉनकॉर दप्पर में नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री रवि भूषण टर्मिनल मैनेजर, वीर



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

ललित जैन, केंद्र चेयरमैन वीर अमन जैन और वीर राजेश जैन उपस्थित रहे। शिविर में कुल पंजीकरण: 113, नेत्र जांच: 113, सामान्य जांच: 113, रक्तचाप: 50, ब्लड शुगर: 50, ईसीजी: 08, कुल ओपीडी: 334, स्पेक्स वितरित: 61, मोतियाबिंद का पता चला: 07 एवं नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र लुधियाना
## सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र लुधियाना** द्वारा 17 जनवरी को 'GSSS हैबोवाल खुर्द' में एक चेरिटी कार्यक्रम आयोजित किया





सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

गया। कार्यक्रम में 400 लड़कियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए और उन्हें मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया।

## महावीर इंटरनेशनल नालागढ़ वीरा केंद्र
## सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नालागढ़ वीरा केंद्र** द्वारा BDO ऑफिस में टी.बी. जागरुकता की बैठक आयोजित की गयी। कार्यक्रम में केंद्र चेयरपर्सन व सचिव को निमंत्रित कर BDO तथा BMO द्वारा सम्मानित किया गया। 6 फरवरी को कॉनकॉर द्वारा प्रायोजित कॉनकॉर कंटेनर कॉर्पोरेशन लिमिटेड शीतलपुरा बद्दी हिमाचल प्रदेश में निःशुल्क नेत्र एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री श्याम अग्रवाल (टर्मिनल मैनेजर), श्री जसवीर सिंह (वरिष्ठ कार्यकारी), जोन चेयरमैन वीर जितेश जैन, संभागीय सचिव वीर रविंद्र जैन, पूर्व संभागीय सचिव वीर सुभाष जैन, परियोजना वरिष्ठ प्रबंधक वीरा धरती गुप्ता एवं केंद्र सदस्यों की उपस्थिति में कुल पंजीकरण: 131, नेत्र जांच: 131, सामान्य जांच: 85, रक्तचाप: 131, ब्लड शुगर: 22, हीमोग्लोबिन: 06, ईसीजी: 01, कुल ओपीडी: 376, स्पेक्स वितरित: 81, मोतियाबिंद का पता चला: 10 एवं निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। केंद्र को 30वें अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन, हैदराबाद में 2023-2025 में स्थापित नए केंद्रों की श्रेणी में विशिष्ट सेवा कार्यो के लिए चयनित किया गया।



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

उपरोक्त नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर के विशिष्ट अवसर पर महावीर इंटरनेशनल अपेक्स की ओर से संभागीय सचिव वीर रविन्द्र जैन, जोन चेयरमैन वीर जितेश कुमार जैन व पूर्व संभागीय सचिव वीर सुभाष जैन द्वारा केंद्र चेयरपर्सन वीरा पूनम जैन, सचिव वीरा दीपिका जैन व उपस्थित माननीय वीरा सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। 14 फरवरी को गरिमा प्रोजेक्ट के तहत गरीब महिलाओं में 300 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई।

## महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकूला केंद्र
## फिनाइल, क्लींजर एवं वाइपर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वीरा पंचकूला केंद्र** द्वारा 19 जनवरी को पीजीआई के एक गुरुद्वारे को 6 फिनाइल के 5 लीटर के डिब्बे, 6 क्लींजर के 5 लीटर के डिब्बे और 6 बड़े आकार के वाइपर प्रदान किए।




फिनाइल, क्लींजर एवं वाइपर वितरण कार्यक्रम

# रीजन-2

## जयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र जयपुर
## निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ग्रेटर केंद्र जयपुर एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** 18 जनवरी को निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन भारत सरकार के उपक्रम भारत कंटेनर लिमिटेड (कॉनकॉर), गोकुलपुरा, कनकपुरा जयपुर में कॉनकॉर के सहयोग से किया गया। शिविर में सहाय आई हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क आंखों की जांच एवं इटरनल हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं उनकी टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर, बी.एम.आई., हीमोग्लोबिन, ई.सी.जी. की निःशुल्क जांच की गई तथा शिविर में मरीजों को जेनेरिक दवाईयां व नजदीक के आंखों के चश्मों का वितरण भी

किया गया। वीर सुरेश जैन बांदीकुई, उपाध्यक्ष ने बताया कि कॉनकॉर के श्रीराम भगत, टर्मिनल मैनेजर, संजय कुमार कुमावत एसोसिएट आफिसर, हेमंत जैन एडिशनल ऑफिसर, कैम्प में उपस्थित रहे। केंद्र संयुक्त सचिव वीर सुनील बज ने अवगत कराया कि वीर डॉ. जी.सी. जैन सोगानी, वीर महावीर सेठी, वीर अजीत जैन, वीर सुनील जैन, वीरा मंजू पूरी, वीरा विजया लक्ष्मी जैन, वीरा सीमा बड़जात्या आदि सदस्यों द्वारा शिविर व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। मेडिकल कैम्प कॉर्डिनेटर श्रीमती धरती जी वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प के अंत में कैम्प कॉर्डिनेटर नीरज जैन, इटरनल हास्पिटल, सहाय आई हास्पिटल के सहयोगी डॉक्टर्स, तकनीशियन, लैब आदि सदस्यों का सम्मान किया गया। 12 फरवरी को जोहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति द्वारा संचालित श्री आदिनाथ स्वास्थ्य निधि आश्रम (वृद्धाश्रम) मोती सिंह भौमियों का रास्ता जौहरी बाजार में श्री आनंद जी, आस्था जी सिंगापुर निवासी पुत्री दामाद केंद्र कोषाध्यक्ष वीर धनु कुमार जैन के आर्थिक सहयोग से एक



**नि:शुल्क नेत्र एवं मेडिकल जांच शिविर का आयोजन**

इनवर्टर उपयोग हेतु लगाया गया। यह कार्यक्रम दिगम्बर जैन महिला समिति जौहरी बाजार की मंत्री श्रीमती पुष्पा जी सोगानी, तरुणा जी जैन, श्रीमती विद्या जी कासलीवाल, श्रीमती सुधा बज, श्रीमती ममता शाह, श्रीमती कविता जैन को केंद्र चेयरमैन वीर जे.के. जैन, सचिव वीर राजेश बड़जात्या, उपाध्यक्ष वीर डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष वीर धनु कुमार जैन, वीर नीरज जैन, वीरा सुशीला बड़जात्या, वीरा विजय लक्ष्मी जैन, वीरा सीमा बड़जात्या, वीरा इंदु जैन की उपस्थिति में वृद्धाश्रम के उपयोग हेतु प्रदान किया।

## महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र सम्मान समारोह का आयोजन



**सम्मान समारोह का आयोजन**

**महावीर इंटरनेशनल कोटा केंद्र** का जे.के. लोन हॉस्पिटल द्वारा सम्मान किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी केंद्र जयपुर** द्वारा जनवरी माह के अंतर्गत स्थाई परियोजनाओं के तहत श्याम नगर आराधना भवन में नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय में वीर एम.सी. लोढ़ा के सहयोग से रु.5500 दिए गए। जलमंदिर अजमेरी गेट पर मोहणोत परिवार द्वारा संचालित की गयी। 9 दिसंबर को वीर दिनेश मोहणोत, मानव जी का बाड़ा, मोतीडूंगरी रोड पर बोर्ड मीटिंग आयोजित की गयी जिसमें 11 बोर्ड मेंबर उपस्थित रहे। वीर बालिका महाविद्यालय में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शिविर संचालित, जिसमें 20 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। स्वनेत्र अस्पताल में एक फेको पद्धति एवं 12 मोतियाबिंद के आपरेशन करवाये गये। केंद्र एवं स्वर्गीय संध्या डांगी, इन्दौर के सहयोग से पशुपालन विभाग के साथ विशाल पशु चिकित्सा शिविर ग्राम जोतडावाला, सांगानेर





**पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन एवं जीवदया सेवा कार्यक्रम**

गौशाला में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 1266 गायों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उपचार दिया गया। 16 गायों की सर्जरी भी की गई। गायों को कृमिनाशक दवाईयां तथा उनका टीकाकरण किया गया। 2 ट्रक चारा भी उपलब्ध कराया गया व 50 kg Mineral Mixture एवं दवाईयां दी गयी। पशु क्लीनिक पांच बत्ती पर जानवरों के इलाज के लिये केंद्र द्वारा कुछ दवाईयां तथा नि:शुल्क सर्जिकल उपकरण प्रदान किए गए। सेवा की निरंतरता को कायम रखते हुए वीरा माया बोथरा द्वारा निम्न कार्य जनवरी माह में भी किए गए - जिनमें SMS अस्पताल एवं अनाथालय में गरीब बच्चों को भोजन, शिक्षण सामग्री, सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों को 125 के लगभग कम्बल वितरण, एक कन्या के विवाह के उपलक्ष्य में नगद सहायता, कपड़े, खाने पीने का सामान, घर-गृहस्थी का सामान, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांगानेर में भवन मरम्मत हेतु रु.50000/- की सहायता एवं विद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र, एक कैंसर मरीज को कोलन बैग एवं दवाईयां, एक निर्धन छात्र की स्कूल फीस रु.12000/-, हर वर्ष की भांति वीर बालिका स्कूल जयपुर में 14 बालिकाओं के लिए फीस रु.50500/- केंद्र द्वारा प्रदान की गई। कमल जी पानगड़िया द्वारा कैंसर पीड़ित बच्चों को कॉपी, पेन्सिल, जलपान तथा एक विद्यालय में भवन हेतु सहायता राशि प्रदान की गयी।

## महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पिंकसिटी पद्मावती वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा चौधरी खेमशिग राजकीय विद्यालय में 36 बच्चों को स्वेटर वितरित किए

गए। एक जरुरतमंद बुजुर्ग जैन महिला को रु.3000 डायपर के लिए दिए गए। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी खूब सिंह माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को झंडा रोहन और बच्चों को लडडू का वितरण किया गया। लडडू पाकर सभी बच्चे बहुत प्रसन्न हुए स्कूल के प्रिंसिपल और टीचर्स ने केंद्र का धन्यवाद किया। मानव सेवा के तहत वीरा आशा खरेड़ के प्रयास से एक गुप्त महिला के सहयोग से जरूरतमंद 5 दिव्यांग जनों को जयपुर फुट लगाए गए। चौधरी खेमसिंग राजकीय विद्यालय में बच्चों को 40 जोड़ी मोजे वितरित किए गए व 10 स्वेटर भी दिए गए। भूखे को भोजन योजना के अंतर्गत कल जयपुरिया हॉस्पिटल में 400 जनों को भोजन वीरा आशा खरेड़ के



बेबी किट एवं मौजे वितरण कार्यक्रम

प्रयास से खिलाया गया। मानव सेवा के क्षेत्र में नन्हें कदम संस्था के 70 बच्चों को लडडू, केले, बिम्बों के पैकेट व बिस्किट बांटे गए। साथ ही अपना घर आश्रम में 5 किलो लडडू दिए गए। मानव सेवा के क्षेत्र में कार्य करते हुए आत्मनिर्भर वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को सुबह का खाना वीरा पूजा चोरड़िया के सहयोग से खिलाया गया। वीरा पूजा जी ने उनके पूज्यनीय ससुर जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में यह नेक कार्य किया। वात्सल्य परियोजना के अंतर्गत एक महिला आरती जिसको पिछले 9 माह से हर माह पोषण किट दे रहे थे उसने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया हैं सभी उसके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं केंद्र द्वारा उसको डिलीवरी के बाद का खाने का सामान दिया गया जिसमें घी, बादाम, गोला, गुड़, गोंद, मूंग दाल, चना दाल, दलिया पोहा, सूजी, सिक्के चने व मुरी आदि सामान दिया गया। सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय में 50 बेबी किट व 50 बिस्कुट के पैकेट नवजात शिशुओं की माताओं को दिए गए। शिक्षा में सहयोग करने के उद्देश्य से एक बालिका अनिशा जिसके 10th की फीस की 4th किस्त रु.5000 वीरा विद्या मेहता द्वारा दी गई। पहले भी तीन किस्तें वीरा विद्या मेहता द्वारा दी गई। अन्नपूर्णा प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक महिला जिसके पति की मृत्यु हो गई हैं उसके 2 छोटे बच्चे हैं उसको हर माह राशन का सामान दिया जाता हैं उन्हें इस माह का राशन जिसमें मूंग दाल, चना दाल, मसूर दाल, चावल, दलिया, सूजी, पोहा चीनी, चाय पत्ती, मसाले, 10kg आटा व तेल आदि सामान दिया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर
## भोजन एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल वाइब्रेंट वीरा केंद्र जयपुर** द्वारा मकर संक्रांति पर्व के शुभ अवसर पर इस वर्ष भी Mother Teresa Home, जयपुर में निम्न भोजन तथा आवश्यक सामग्री को सामूहिक रूप से एकत्रित कर व्यक्तिगत जाकर प्रदान किया गया। डायपर: 2000, घी: 6kg, तेल: 15 लीटर, खजूर : 5kg, बूरा: 21kg, दलिया: 25kg, चीनी: 50kg, मूंग दाल: 22kg, चना दाल: 11kg, हरी दाल: 5kg, नमक: 20kg, चावल: 5kg, खिचड़ी चावल: 5kg, आटा: 10kg, सरसों तेल: 3 लीटर, होर्लिक्स: 1kg आदि सामान दिया गया। महिला सशक्तिकरण के तहत जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण करवा उन्हें रोजगार प्रदान किया



भोजन एवं आवश्यक सामग्री वितरण कार्यक्रम

जा रहा हैं। केंद्र को 750 जूट बैग्स का आर्डर वीरा अलका जैन W/O वीर शांति कुमार जैन पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष के सहयोग से प्राप्त हुआ। बैग्स की डिलीवरी भी प्रारंभ कर दी गई। कार्यक्रमों में जोनल चेयरपर्सन वीरा रश्मि आर्य, जोनल सचिव वीरा अर्चना बोहरा, चेयरपर्सन वीरा अल्पना ताम्बी, सचिव वीरा सुधा खंडेलवाल, वीरा राखी बड़ाया, जूही जी, यश्वी तथा प्रेक्षा विशेष रूप से उपस्थित रही।

# सीकर-झुंझुनू संभाग

## महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू केंद्र** द्वारा 23 जनवरी को गांव अजाडी खुर्द में सरकारी विद्यालय में 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को वीर डॉक्टर जेपी बुगालिया की आर्थिक सहयोग से स्वेटर का वितरण किया गया तथा स्कूल के सभी छात्रों को जैल पेन दिए गए। केंद्र चेयरमैन वीर सत्यदेव दडीया ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाने तथा टारगेट बनाकर पढ़ाई करना, मोटिवेशन भाषण देकर प्रेरित किया। इसी मौके पर वीर विनोद सोलंकी द्वारा 50 स्वेटर और डोनेशन देने की घोषणा की गई। 9 फरवरी को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा दिवस पर स्वर्गीय श्री डूंगरमल जी मंडेलिया की पुण्य स्मृति में भाई लक्ष्मण सिंह जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से बीडीके अस्पताल के जनाना विंग में नवजात शिशुओं को संक्रमित रोगों से बचाने के लिए बिछाने, पहनने, ओढ़ने के कपड़े (7 पीस का सैट) 47 मेडिकेटेड बेबी किट का नि:शुल्क



**स्वेटर वितरण कार्यक्रम**

वितरण किया गया। कार्यक्रमों में संयोजक वीर डॉ. जेपी बुगालिया, mif वीर नितिन अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक वीर डॉ. नेमीचंद कुमावत, चेयरमैन वीर सत्यदेव दडिया, सचिव वीर पुष्कर जांगिड़, डायरेक्टर वीर विनोद सोलंकी, उपाध्यक्ष वीर राजेंद्र सिंह भाटी, डायरेक्टर वीर मदन सिंह प्रेमी, अपेक्स ट्रस्टी वीर जाकिर अली सिद्दीकी, वीर मदन सिंह प्रेमी, वीर राजेंद्र सिंह भाटी आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सिंघाना केंद्र** द्वारा 11 फरवरी को जांगिड़ समाज मांकड़ो के सौजन्य से जांगिड़ धर्मशाला मांकड़ो में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें AMRC हॉस्पिटल जयपुर के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञों की टीम द्वारा हृदय मरीजों एवं हड्डी रोग संबंधित मरीजों की ECG मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की नि:शुल्क जांच कर परामर्श दिया गया एवं सभी मरीजों को आवश्यकता अनुसार नि:शुल्क दवाईयां भी दी गई। इस स्वास्थ्य शिविर में AMRC हॉस्पिटल जयपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में कुल 235 लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में चेयरपर्सन वीर रमेश कुमार जांगिड़, सचिव वीर सुरेश डागर, वीर राजेंद्र डागर, वीर संदीप जांगिड़, वीर मुकेश कुमार शर्मा, वीर सुरजा राम हवलदार, ताराचंद सेन, रोहिताश जांगिड़, बलबीर जांगिड़ सूबे, कैलाश जांगिड़, सांवरमल जांगिड़ तथा काफी संख्या में गणमान्य जन एवं AMRC हॉस्पिटल का स्टॉफ उपस्थित रहे।



**नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन**

## महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सनराइज केंद्र झुंझुनू** द्वारा शेखावाटी हस्तशिल्प मेले झुंझुनू में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र के अंतर्गत महिलाओं द्वारा तैयार किए गए बैग का खूब प्रचार हुआ एवं भारी संख्या में विक्रय हुए। हर वर्ष जनवरी माह में लगने वाले शेखावाटी हस्तशिल्प मेले में शिवम बैग हाउस एवं स्टॉल लगाई गई। स्टॉल में लोगों को सस्ता सुंदर टिकाऊ सामान मिला। केंद्र एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय श्री केदारमल जी हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला में संपन्न हुआ, शिविर में 1046 मरीजों की जांच कर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध करवाई गई। लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंडारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 65 लोगों ने लाभ उठाया, उपरोक्त मरीजों की जांच कर, एक माह की दवाईयां नि:शुल्क वितरित की गई। अन्तर्राष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय श्रीमान निरंजन लालजी केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनू की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 62 हाइजीनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन भालोठिया ने महिलाओं को बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। वीर अशोक कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा के सौजन्य से स्वर्गीय श्यामसुंदरजी शर्मा की पुण्य स्मृति पर आशा का झरना पाठशाला में मूक बधिर बच्चों को भोजन वितरण किया गया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर राजेंद्र प्रसाद जोशी, संरक्षक वीर डॉ. एस.एन. शुक्ला, अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष MIF वीर श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी MIF वीर महेश कुमार मुंड, जोन चेयरमैन MIF वीर नागरमल जांगिड़, MIF वीर ओमप्रकाश ककराणीया, MIF वीर प्रदीप कुमार शुक्ला, वीर देवेंद्र कुमार गौड़, वीर सूमेरसिंह कर्णावत, वीर रामगोपाल शर्मा, वीर शिव प्रसाद महर्षि, वीर अशोक कुमार शर्मा, वीर राजेश कुमार शर्मा, वीर रमेश चंद्र अग्रवाल, वीर डॉ. मूल सिंह, वीर बिहारी लाल सैनी, वीर मुबारक अली पहाड़ियांन व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।





**बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम**

## महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सीकर
## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र सीकर** द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को प्रधान जी के जाव के पीछे स्थित श्री करणी पाठशाला बंजारा बस्ती में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सन्नू मोदी, सचिव वीरा किरण खेतान, कोषाध्यक्ष वीरा शिवानी तिवाड़ी एवं अन्य महिला सदस्यों व प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण माथुर द्वारा झंडारोहण किया गया। इस दौरान उपस्थित बच्चों को मिठाई एवं किताबें वितरित की गई। उपस्थित महिलाओं द्वारा स्कूल हेतु आर्थिक सहयोग भी



**गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन**

दिया गया। इस अवसर पर वीरा अरुणा जांगिड़, वीरा संतरा देवी, वीरा पूजा चौधरी, वीरा पुष्पा बधानिया, वीरा आशा कनोडिया, वीरा संगीता खेतान, वीरा सीमा अग्रवाल, वीरा चंदा गोयल, वीरा भावना मोदी, वीरा कुसुम अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

# रीजन-3

## अजमेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र** द्वारा नियमित सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न तिथियों पर प्रति मंगलवार को अस्पताल में भर्ती 265



**बेंचे एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम**

मरीजों को नमकीन-मीठे बिस्कुट, दूध एवं फल का वितरण किया गया। प्रति रविवार को संपत मल लोढ़ा धर्मशाला पृथ्वीराज मार्ग अजमेर में एक्यूप्रेशर एवं चुंबकीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 57 मरीजों ने सेवा का लाभ लिया। केंद्र द्वारा संचालित मेडिकल उपकरण का मरीजों के परिजन की मांग पर वीर प्रेम कुमार जैन द्वारा बताए अनुसार घर पर उपयोग हेतु 16 जनवरी से 15 फरवरी तक उपलब्ध कराए गए उपकरण जैसे सर्जिकल बेड: 45, पोट्टी चेयर: 6, व्हीलचेयर: 17, ऑक्सीजन सिलेंडर: 15, वॉकर: 17, एयर बेड-वाटर बेड: 2, मैट्रिक्स: 12, स्टिक्स: 5, अन्य उपकरण: 9, इस प्रकार इस माह में कुल 128 उपकरण विभिन्न व्यक्तियों को उपयोग हेतु दिए गए। अब तक कुल 6313 मरीजों को इन उपकरणों से लाभ पहुंचाया जा चुका हैं। केंद्र द्वारा पांच आंगनबाड़ी केंद्रों को एक-एक दरी उपलब्ध कराई गई। 21 जनवरी को वीर अनिल आसनानी द्वारा जवाहरलाल नेहरू हॉस्पिटल की कैजुअल्टी वार्ड के सामने स्थित गार्डन में मरीजों को बैठने के लिए बीस (20) बेंच, केंद्र के नवनिर्मित भवन पर तीन (3) बेंचे एवं शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आतेड़ की बगीची के पास दो (2) बेंचे कुल पच्चीस (25) बेंचे उपलब्ध कराई गई। 22 जनवरी को स्वर्गीय वीर डी.सी. मेहता की पत्नी श्रीमती सुलोचना मेहता एवं पुत्री डॉ. अलका मेहता के द्वारा जरूरतमंद परिवार के सदस्यों के लिए एक माह की दैनिक उपयोग की सामग्री (रु.3500) केंद्र के द्वारा लॉरेंस डे मिडिल स्कूल, विकास कॉलोनी अजमेर के कार्यालय पर श्रीमती गोदावरी, श्रीमती डाला एवं श्री पूनम जी तीन परिवारों द्वारा उपलब्ध कराई। साथ ही आई.पी.एफ. राजस्थान काउंसिल ऑफ दुबई के सदस्य श्री केसर मल जी कोठारी के द्वारा उपलब्ध कराए गए कम्बलों का वितरण शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आतेड़ की बगीची पर चेयरपर्सन वीरा इंदु जैन एवं वीर पदमचंद जैन के द्वारा 110 कम्बलों का वितरण किया गया, लॉरेंस डे मिडिल स्कूल, विकास कॉलोनी पर सचिव वीर प्रभात सेठी एवं वीर प्रेम कुमार जैन के द्वारा 20 कम्बलों का वितरण किया एवं पुरानी मंडी अजमेर में वीर मनोहर गोपाल इनाणी के द्वारा 10 कम्बलों का वितरण किया। इस प्रकार 140 कम्बलों का वितरण जरूरतमंद व्यक्तियों को किया गया। केंद्र के सहयोग से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) थांवला ब्लॉक भेरूंदा नागौर के वार्षिक महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2024-25 में शाला की वर्ष 2024 की दो प्रतिभावान छात्रा कुमारी पायल शेखावत क्लास 12th प्राप्त अंक 91% एवं अनुष्का राठौड़ क्लास 10th प्राप्त अंक 93.33% को 10 ग्राम चांदी के मेंडल श्री उमराव मल मुहणोत के द्वारा पत्नी स्वर्गीय श्रीमती प्रेमलता की स्मृति में देकर प्रोत्साहित किया एवं विद्यालय की जरूरतमंद छात्रों एवं गांव में बांटने हेतु 100 कम्बल भी उपलब्ध कराए गए। 25 जनवरी को केंद्र की जनरल मीटिंग के जी प्लाजा होटल पर आयोजित की गई। 26 जनवरी को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के पी.एम.आर. डिपार्टमेंट में कार्यरत नर्सिंग स्टॉफ वीरा भगवती पीपरवाल को 76वें गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला प्रमुख श्रीमती सुशीला कंवर पलाड़ा, जिला परिषद अजमेर के द्वारा सम्मानित किया गया। 29 जनवरी को वीर अशोक सुराना

के द्वारा अपना घर, मूक बधिर एवं दृष्टिहीन विद्यालय कोटड़ा अजमेर में विद्यार्थियों को भोजन प्रसादी वितरण किया गया। 4 फरवरी को वीर राधा कृष्ण मोटवानी एवं वीना मोटवानी के द्वारा अपनी पुत्री स्वर्गीय भव्या मोटवानी की स्मृति में जे.एल.एन. हॉस्पिटल अजमेर के "बच्चों के वार्ड", "पीडियाट्रिक वार्ड" में भर्ती 150 बच्चों को एप्पल, बिस्कुट स्माइली बॉल का वितरण किया। 6 फरवरी को सदस्य श्री मुन्नालाल जैन के सुपुत्र श्री विक्रम जैन एवं पुत्रवधू श्रीमती तनूजा जैन के वैवाहिक वर्षगांठ पर जय अंबे समिति द्वारा संचालित वृद्धाश्रम, दाहरसेन, हरीभाऊ उपाध्याय नगर, अजमेर के रहवासियों को भोजन कराया। 11 फरवरी को जीवदया कार्यक्रम के अंतर्गत वीर डॉ. के.एम. गोयल और डॉ. ललिता गोयल के द्वारा उनके पुत्र यतीश गोयल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पंचशील नगर, लोहागल रोड, नगर निगम काजी हाउस में स्थित गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया गया। इन अवसरों पर केंद्र के गणमान्य पदाधिकारियों की उपस्थिति गरिमामय रही।

## महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु केंद्र** द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चाचियावास में शाला प्रधान कमलेश वैष्णव की अध्यक्षता में 50 नन्हे बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। अजमेर के संरक्षक अशोक छाजेड़ व संरक्षक कमल गंगवाल, केंद्र चेयरमैन वीर गजेंद्र पंचोली, सचिव वीर विजय पांड्या, वीर राजकुमार गर्ग, शाहिना थामस, राज सुमित्रा, जय श्री, छाया गौड, वीर राजेंद्र सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र
## नि:शुल्क हड्डी जांच, जॉइन्ट लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल धरा वीरा कुचामन सिटी केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** 27 जनवरी को वीरा सचिव शारदा वीर सोहनलाल वर्मा परिवार के सौजन्य से राजकीय चिकित्सालय में नवजात बच्चों हेतु आई डी टेक (बालक पहचान लेबल) 1300 पीस व कोर्ड क्लेम (गर्भ नाल का बांधना) 1000 पीस गवर्निंग काउंसलिंग मेम्बर वीर सुभाष पहाड़ियां, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कल्पना गुप्ता, केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल के



नि:शुल्क हड्डी जांच, जॉइन्ट लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी शिविर का आयोजन

सानिध्य मे नर्सिंग अधिकारी लेबर रूम इन्चार्ज जोली को नवजात शिशुओं के उपयोग मे लेने हेतु सुपुर्द किया। समाजसेवी स्वर्गीय हदेवाराम जी तालापा की प्रथम पुण्यतिथि पर तालापा परिवार द्वारा अपना घर में सभी बीमार लाचार असहायजन 70 प्रभुजी से व सांय काल गुप्त सज्जन के सहयोग से भोजन कराया गया। 2 फरवरी को श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से 27वां नि:शुल्क हड्डी जांच, जॉइन्ट लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर प्रवीण खरीट, एडवोकेट वीर जीवण सीह, वीर तेजकुमार बडजात्या, वीर सदींप पाडंया, वीर डॉ. जितेश जैन, गवर्निग काउसलिग मेम्बर वीर सुभाष पहाडिया, दानदाता परिवार से वीर कैलाश पाडंया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर नरेश कुमार झाझरी ने बताया कि शिविर में 63 लोगों ने परामर्श लिया एक्सरे 21 व 37 रक्त सम्बंधित जांचें नि:शुल्क की गई। केंद्र द्वारा प्रेक्षा जैन सुपुत्री शिवानी अनित कुमार, सुपोत्री रेणु धनकुमार काला, हिरनोदा फुलेरा परिवार के सौजन्य से सामाजिक सरोकार की भावना से मूक बधिर नेत्रहीन आवासीय विद्यालय सम्पर्क संस्थान के सभी बच्चों को भोजन कराकर पंचम जन्मदिवस मनाया। केंद्र चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, सचिव वीर अजित पहाडिया, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर नंदकिशोर बिडसर, वीर सुभाष गगंवाल, प्रेक्षा के मानव सेवा के प्रेरक नाना-नानी विमला देवी राजकुमार पाटनी ने भोजन कराकर जन्मदिन मनाया। इन अवसरों पर गवर्निंग मेम्बर वीर सुभाष पहाडिया, चेयरमैन वीर रामावतार गोयल, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश कुमार जैन, वीर सम्पत बगडिया, वीर निर्मल पाडंया, वीर नरेश जैन, वीर सुभाष गगंवाल, वीर अशोक अजमेरा आदि वीर सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र
## स्वेटर, पाठ्य सामग्री, बिस्कुट्स, चिक्की एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सुनंदा वीरा केंद्र** द्वारा आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुरा में वीरा अलका दुधेडिया की तरफ से स्वेटर, पाठ्य सामग्री, बिस्कुट्स, चिक्की एवं राजस्थान काउंसिल दुबई की ओर से कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया गया। प्रधानाध्यापिका जी ने स्टॉफ की मदद से ऐसे बच्चों का चयन



स्वेटर, पाठ्य सामग्री, बिस्किट्स, चिक्की एवं कम्बल वितरण कार्यक्रम

किया गया जिनके सिर्फ माता हैं या सिर्फ पिता हैं और किसी के दोनों ही नहीं हैं। 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर संस्था द्वारा हेल्थ

एंड मेडिकल प्रोजेक्ट के अंतर्गत जीवन रक्षक किट का वितरण किया जा रहा हैं। आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा के रूप में किस तरह से इस किट का उपयोग करना हैं उसकी विस्तृत जानकारी महिला सशक्तिकरण की को-डायरेक्टर वीरा अलका दूधेडिया द्वारा शाला स्टॉफ को प्रदान की गई व सभी को एक-एक किट दिया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती वर्तिका जी शर्मा एवं समस्त स्टॉफ सदस्यों ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। 8 फरवरी को तेजा चौक आंगनबाड़ी में वीरा कल्पना कांसवा के आर्थिक सहयोग से यशोदा परियोजना के अंतर्गत 5 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट (मूंग की दाल 250 ग्राम, मूंग का मोगर 250 ग्राम, दलिया 500 ग्राम, पोहा 500 ग्राम, चावल 1 किलो, सूजी 500 ग्राम, रोस्टेड चना 200 ग्राम, साबुत मूंग 250 ग्राम, बादाम 250 ग्राम, बिस्कुट पैकेट, आंवला कैंडी) प्रदान किए गए।

## महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड
## शॉल, स्वेटर एवं आसन का वितरण

**महावीर इंटरनेशनल विजयश्री वीरा केंद्र बोरावड** द्वारा सर्दियों को देखते हुए वीरा अंजू अग्रवाल के सौजन्य से जरूरतमंद महिलाओं को शॉल स्वेटर तथा आसन वितरित किए। केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजूलता ने वीराओं को प्रोत्साहित किया तथा सचिव वीरा शांति मुणोत ने सभी को धन्यवाद दिया। केंद्र द्वारा बोरावड में नये सिलाई सेन्टर के उद्घाटन का कार्यक्रम रखा गया। स्वावलंबन प्रोजेक्ट के तहत दो मशीनों से नए सिलाई सेन्टर की शुरुआत की हैं। जिसकी जिम्मेदारी सुमन जी खींची ने ली हैं जो बालिकाओं व महिलाओं को सिलाई सिखाएंगी। इस मौके पर चेयरपर्सन वीरा मंजूलता भंडारी, वीरा रूप कंवर खींची, वीरा सरिता अग्रवाल, वीरा सुमन बोथरा तथा वीरा विमला गेलड़ा उपस्थित रही। वीरा मंजूलता के द्वारा गौशाला में गौ सेवार्थ रु.2100 भेंट किए।



शॉल, स्वेटर एवं आसन का वितरण

# भीलवाड़ा संभाग

## महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र भीलवाड़ा
## नई कार्यकारी का मनोनयन

**महावीर इंटरनेशनल रायपुर केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 23 जनवरी को 2 वर्ष के लिए नई कार्यकारी का मनोनयन किया गया, चेयरमैन के लिए श्रीमान शंकर लाल देरासरिया निवासी कोशीथल, सचिव के लिए राव जयदीप सिंह निवासी नाँदशा जागीर तथा कोषाध्यक्ष के लिए चेतन जी सुखलेचा निवासी रायपुर, उपाध्यक्ष के लिए श्री गणपत लाल जी मांडोत रायपुर, प्रकाश जी गन्ना निवासी मोखुन्दा, राधेश्याम जी काबरा रायपुर, संरक्षक के लिए श्रीमान लादू लाल जी पीतलिया विधायक सहाड़ा रायपुर, शंकर लाल जी मेहता खेमाना, शांतिलाल जी नाहर अहमदाबाद, गणपत लाल जी डांगी रायपुर, कन्हैया लाल बोरदिया रायपुर, संयुक्त सचिव अनिल सालवी, महावीर विश्रान्ति ग्रह के संयोजक रामकुमार सोमाणी रायपुर।



नई कार्यकारी का मनोनयन

## महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा
## जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल थला रायपुर केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 23 जनवरी को गौमाता को हरा राजका दो बिश्वा खिलाया गया। उक्त कार्यक्रम गाडरी खेड़ा माताजी के स्थान पर बस स्टैंड थला पर पाटियों का खेड़ा स्कूल फील्ड में एवं बागोलिया डेयरी के सामने कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवहन सेवा विक्रम सिंह चुंडावत बागोलिया वाले द्वारा दी गई। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में गाडरी खेड़ा माताजी के स्थान पर ग्राम बागोलिया में एवं पाटिया खेड़ा स्कूल फील्ड बस स्टैंड थला पर गौमाता को 1110 किलो रजका खिलाया गया। परिवहन सेवा विक्रम सिंह चुंडावत बागोलिया वाले द्वारा दी गई। 30 जनवरी को गाडरी खेडा माताजी के स्थान पर बस स्टैंड थला पर व पाटियो का खेडा बागोलिया में गौमाताओं को हरा रजका खिलाया गया। 12 फरवरी को माही पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गौमाता को हरी मेथी 500 किलो खिलाई गई। उक्त कार्यक्रम पाटियो का खेड़ा स्कूल फील्ड में एवं थला बस स्टैंड पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिवहन सेवा विक्रम सिंह द्वारा दी गई।



जीवदया सेवा कार्यक्रम

## महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा
## मौजे, स्कूल बैग एवं टॉफियां वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मीरा केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा 15 जनवरी को उपाध्यक्ष वीरा विमला रांका के सहयोग से उनकी पोती के जन्म दिन के उपलक्ष्य में हलेड ग्राम के माध्यमिक विद्यालय में 135 बच्चों को मौजे, 10 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग व टॉफियां दी गयी। वीरा उषा डोसी के सहयोग से सभी बच्चों को तिल के लडडू वितरित किए गए। बच्चों को मेडिटेशन का प्रयोग करवाया गया। गेम्स खिलाए व पतंग नहीं उड़ाने की शपथ दिलाई।



**मौजे, स्कूल बैग एवं टॉफियां वितरण कार्यक्रम**

बच्चों को समझाया गया कि पतंग के माझे से कई पक्षियों की जान तक चली जाती हैं। 16 जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना एवं जोन चेयरपर्सन वीरा मंजू खटोड़ के सानिध्य में वीरा बलवीर देवी चोरड़िया के सहयोग से वृद्धाश्रम में स्थित मंदिर में 5 कैमरे लगवाए गए व जीवदया के तहत 2 बोरी मक्की की कबूतरों को डलवाई गई। कार्यक्रमों में वीरा अर्चना सोनी, वीरा लीला राठी, वीरा उषा डोसी, नितिन बापना, देवी लाल जाट व स्कूल का पूरा स्टॉफ उपस्थित रहा।

## महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा
## विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुस्कान केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा ठिठुरन भरी सर्दी में कोई विद्यार्थी ठिठुरने न पाए इस पुनीत उद्देश्य से स्थानीय विद्यालय में जोन कन्वीनर प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी वीरा विजया जैन के सानिध्य में स्वेटर वितरण कार्यक्रम किया गया और 50 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हेलन केलर मूक बधिर विशेष विद्यालय अशोकनगर में मुख्य अतिथि सुरेश जी जैन, श्री रामप्रकाश जी अग्रवाल, हेमंत जी मानसिहका, श्री प्रवीण जी गर्ग, समाजसेवी नवीन जी कोगटा, किशोर कुमार जी, विकलांग सेवा संस्थान के श्री प्रहलाद जी अजमेरा एवं जोन कन्वीनर वीरा विजया बम्ब, संरक्षिका वीरा संध्या आगीवाल के सानिध्य में झंडा रोहण करवाया गया। बच्चों को केंद्र द्वारा फल और बिस्किट दिए गए। केंद्र सचिव वीरा ललिता जैन ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। 3 जनवरी को रामधाम गौशाला में गायों के लिए चारा डलवाया गया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा सुशीला कोठारी की शादी की सालगिरह के उपलक्ष्य में गौशाला में चारा डाला गया।



**भोजन वितरण कार्यक्रम**

15 फरवरी को हेलन केलर मूक बधिर विशेष विद्यालय सुवाणा रोड भीलवाड़ा में जोन कन्वीनर प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी वीरा विजया बम्ब के सानिध्य में बच्चों को भोजन करवाया गया। इस कार्यक्रम में केंद्र वरिष्ठ सदस्या वीरा विद्या चौधरी का सहयोग रहा। इन अवसरों पर केंद्र उपाध्यक्ष वीरा हंसा छाजैड, वीरा चंचल गोयल, सचिव वीरा ललिता जैन, कोषाध्यक्ष वीरा सुशीला लोढ़ा, वीरा रेखा शारदा, वीरा सरिता जैन, वीरा गरिमा कोठारी, वीरा प्रेक्षा कोठारी, वीरा दिया कोठारी, वीरा सीमा शेट्टी, वीरा विद्या चौधरी आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा
## सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल क्वींस केंद्र भीलवाड़ा** द्वारा गरिमा प्रोजेक्ट के तहत सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय काशीपुरी में सेनेटरी नैपकिन बांटे गए।



**सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम**

अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरा मंजू पोखरना व केंद्र संरक्षिका वीरा साधना भंडारी ने बालिकाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। केंद्र चेयरपर्सन वीरा किरण बापना ने बताया कि महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा प्राप्त सेनेटरी नैपकिन समय-समय केंद्र द्वारा वितरित किए गए। उपाध्यक्ष वीरा ज्योति टिकलिया, सह-सचिव वीरा दीपिका पाटनी, कार्यकारिणी सदस्य वीरा नीरा मेहता व वीरा मैना सिसोदिया ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। प्रधानाध्यापिका आशा लढ़ा, अध्यापिका विजया शर्मा, अलका ने केंद्र सदस्य वीरा तरुणा घीया, वीरा गरिमा रांका, वीरा शीतल सोनी, वीरा पूजा जैन, वीरा इंद बंब आदि के कार्य की सराहना की।

## बिजयनगर-ब्यावर संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर
### विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डायमंड केंद्र ब्यावर** द्वारा 17 दिसंबर को एक विशाल नि:शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें जयपुर फोर्टिस हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अश्विन शर्मा द्वारा 20 मरीजों को परामर्श प्रदान किया गया। 31 दिसंबर को एक विशाल हड्डी एवं स्पाइन रोग शिविर लगाया गया इसमें जोधपुर के वरिष्ठ स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 30 मरीजों को नि:शुल्क



जीवदया सेवा कार्यक्रम

परामर्श दिया गया। 4 व 5 जनवरी को हैदराबाद में होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय अधिवेशन में केंद्र से 3 सदस्यों का एक दल हैदराबाद अधिवेशन में सम्मिलित हुआ संस्था द्वारा बैनर का प्रजेंटेशन किया गया। संस्था को इतने अच्छे कार्य करने पर सम्मानित न करने पर सदस्यों में काफी रोष व्यक्त हुआ नाराजगी जताई गई। 6 जनवरी को एक विशाल घुटना रोग परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें साल हॉस्पिटल अहमदाबाद के घुटना रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु माथुर द्वारा 15 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान दिया गया। 7 जनवरी को एक विशाल नि:शुल्क हड्डी एवं स्पाइन रोग शिविर लगाया जिसमें जोधपुर के वरिष्ठ लोग हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल द्वारा 18 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। 26 जनवरी को महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र पर 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमलचंद नाहर पूर्व जिला सेशन न्यायाधीश ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात भगवान महावीर की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर महावीर इंटरनेशनल की प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र सरंक्षक वीर सुशील छाजेड़ ने महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र में चल रही गतिविधियों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर इंदरमल जी खींचा, (पूर्व प्रधानाचार्य वर्धमान कॉलेज) ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदमी अपनी सारी जिंदगी सम्पति अर्जन में लगा देता हैं लेकिन अंतिम समय में तो उसे विसर्जन में लगाना चाहिए। केंद्र द्वारा संस्था के सेवा कार्यो में सहयोग देने वाले भामाशाह का संस्था द्वारा सम्मान किया गया एवं जिन सदस्यों ने सेवा कार्य में कड़ी से कड़ी मिला कर सहयोग दिया था उन 5 सदस्यों को संस्था के मुख्य अतिथि द्वारा सम्मान किया गया। सचिव वीर आशीष डोसी ने केंद्र के कार्यों के बारे में बताया। 2 फरवरी को वीर सुशील छाजेड़ के अनुसार जन जन की आस्था के प्रतीक, स्वाध्याय संघ संस्थापक, जीव दया के प्रेरक, राजस्थान केसरी, सुदरिया विचारक, पूज्य प्रवर्तक गुरुदेव श्री पन्नालाल जी महाराज सा की 57वीं पुण्य स्मृति पर तिजारती चौंबर गौशाला देलवाड़ा रोड पर गौमाताओं को एक पिकअप चारा एवं गुड छाजेड़ परिवार की तरफ से खिलाया गया। साथ ही श्री प्रज्ञा परिवार ब्यावर द्वारा निर्मित प्रज्ञा पक्षी आशियाना में कबूतरों हेतु 2 बोरी मक्की की डाली गई। 11 फरवरी को संचालित महावीर चिकित्सा केंद्र पर आम जन को राहत देते हुए मेडिकल उपकरण की सुविधा कुछ समय के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती इसी के तहत पलंग की कमी के कारण मरीजों को मना करना पड़ता था इस कमी को पूर्ति करने के लिए श्रीमान प्रकाश जी नाहर से निवेदन किया गया था उनकी प्रेरणा से एक पलंग संघवी स्वर्गीय कल्याण मल जी ज्ञान कंवर जी की स्मृति में उनके सुपुत्र श्रीमान बहादुर मल जी सुशीला जी के द्वारा संस्था को प्रदान किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन श्रीमान बहादुरमल जी सुशीला जी कांकरिया के द्वारा नवकार महामंत्र के जाप से तिलक लगाकर किया गया। श्रीमान प्रकाश जी नाहर अरिहंत जी नाहर द्वारा भी एक मरीज पलंग का सहयोग दिया जिसका विधिवत उद्घाटन रविवार को नाहर परिवार द्वारा किया जाएगा।

### महावीर इंटरनेशनल रॉयल केंद्र ब्यावर
### भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल रॉयल केंद्र ब्यावर** द्वारा सेवा कार्य में अग्रणी वीर अशोक-कांता पालडेचा परिवार के सहयोग से श्रीमती धापु देवी जी की पुण्य स्मृति एवं आकांक्षा पालडेचा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में महावीर अन्नक्षेत्र



भोजन वितरण कार्यक्रम

एवं कृषि मंडी के आस पास जीवन यापन करने वाले जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण किया गया। केंद्र द्वारा सोशल मीडिया पर चल रही पेशेंट रीता देवी हेतु B+ब्लड की अर्जेंट आवश्यकता के मैसेज को देखकर के सचिव वीर रूपेश कोठारी ने जय क्लिनिक में संचालित ब्लड केंद्र पर रक्तदान किया। कार्यक्रमों में

केंद्र चेयरमैन वीर अशोक पालडेचा, वीर रूपेश कोठारी, वीर अभिषेक नाहटा, वीर दिलीप दक, वीर सुरेंद्र रांका, वीर नरेंद्र सुराणा, वीर मुकेश बाफना, वीर प्रदीप मकाना, वीर पुष्पेन्द्र चौधरी, वीर राहुल बाबेल, वीर अशोक पालडेचा, वीर राजेश सुराणा उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल मरुदेवी वीरा केंद्र गुलाबपुरा भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मरुदेवी वीरा केंद्र गुलाबपुरा** द्वारा वृद्धाश्रम में आवासी 50 वृद्ध एवं विकलांग जनों को भोजन करवाया गया



भोजन वितरण कार्यक्रम

एवं सेवा के तहत इक्तीस सौ रुपए नकद राशि जमा करवाई गयी। इस दौरान वीरा बहनों ने आश्रम की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली और केयर टेकर को सुझाव भी दिए। केयर टेकर विजयगुजा ने केंद्र को सहयोग के लिये धन्यवाद दिया एवं आभार जताया। इस अवसर पर चेयरपर्सन वीरा चाँद कंवर पीपाड़ा, वीरा स्नेहलता ढाबरिया, वीरा निर्मला धमानी, वीरा संगीता डोसी, वीरा रेणु चौधरी, वीरा रेखा बम्ब, वीरा आशा लोढ़ा सहित 21 वीरा बहिनें उपस्थित रही।






# चित्तौड़गढ़ संभाग

## महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जोन सम्मान समारोह का आयोजन



सम्मान समारोह का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ जोन** को उत्कृष्ट कार्यो के लिए राजकीय सम्मान मिला।

## महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ केंद्र एवं लायंस क्लब चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वावधान में** विभिन्न तिथियों पर ग्राम सहनवा निवासी श्री मिश्री लाल जी सा लोढ़ा, ऋषभ कॉम्प्लेक्स निवासी श्री किशन लाल जड़िया सुपुत्र स्वर्गीय घीसुलाल एवं रिद्धि सिद्धि नगर निवासी श्रीमान चौथमल जी सुराणा के आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवारजनों की अनुशंसा पर परिवारजनों की उपस्थिति में नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी नवनीत मोदी, प्रकाश पोखरना, लॉयंस क्लब के अध्यक्ष बसन्ती लाल वेद, मंजीत सिंह एवं विष्णु सोनी के माध्यम से कॉर्निया का उत्सर्जन कर नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य डॉ. प्रतिष्ठा छिपा के निर्देशन में उत्सर्जन विशेषज्ञ महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान एवं भवानी ने सम्पन्न कराया। 28 एवं 31 जनवरी को महावीर इंटरनेशनल हेल्थ केयर चेरिटेबल ट्रस्ट चित्तौड़गढ़ एवं महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र के तत्वावधान में गैल इंडिया की CSR गतिविधियों के तहत भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पंचायत नपानिया तहसील भदेसर एवं महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय गिलुंड में नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। शिविर में नेत्र परिक्षण: 1052, रक्तचाप परिक्षण: 217, ब्लड शुगर परिक्षण: 159, डॉ. आर.एन. खेडिया द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण: 230, सीबीसी टेस्ट: 52, स्त्री रोग: 28, मोतियाबिंद ऑपरेशन: 100, चश्में वितरित: 61, नि:शुल्क दवाईयां: 116, कुल ओपीडी: 1731 रही। चयनित मरीजों के महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय चित्तौड़गढ़ में नेत्र सर्जन डॉ. प्रतिष्ठा छिपा एवं टीम द्वारा नि:शुल्क ऑपरेशन किए जायेंगे। मेवाड़ संघ मुंबई के माध्यम से जरूरतमंदों को 25 ऊनी कम्बलें बांटी गई। केंद्र द्वारा जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला के तहत स्वर्गीय श्रीमती रतन कंवर जी धर्मपत्नी



नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

स्वर्गीय श्री रोशनलाल जी चंडालिया की प्रथम मासिक पुण्यतिथि पर राशमी निवासी रांका परिवार के सौजन्य से कुछ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत पन्नाधाय पार्क, खातर महल, गांधी चौक कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने एवं गंभीरी नदी की मछलियों के लिए सूखे आहार की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। तत्पश्चात सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजनशाला में 90 मरीजों के परिचारकों के लिए खाने का प्रबंध किया गया। इन विभिन्न अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर अभय संजेती, वीर सी. एम. रांका, वीर देवेंद्र रांका, वीर मनीष रांका, वीर मदन तलेसरा, वीर बसंती लाल मेहता, वीर प्रकाश पोखरना, वीर पारस पोखरना, वीर रोशन चिपड़, वीर पीयूष मोदी, वीर प्रो. जे.एल. टेलर, वीर सी.पी. जैन, भादसोड़ा केंद्र चेयरमैन वीर अजय खेरोदिया एवं अन्य पदाधिकारियों ने सेवाएं प्रदान की।

## महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र
## रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल छोटीसादडी केंद्र** द्वारा श्री भूरालाल जी, विनोदकुमार जी साहू परिवार छोटीसादडी के सौजन्य से एवं श्री दिनेश कुमार जी रेगर के जन्मदिन पर एक ट्रॉली हरी घास जैन गौशाला चेनपुरा में गायों को खिलाई गयी। केंद्र द्वारा स्थानीय मोहम्मदिया स्कूल में स्वर्गीय नूरुद्दीन बोहरा के स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित करवाया गया। शिविर में केंद्र



रक्तदान शिविर का आयोजन

चेयरमैन वीर कैलाशगिरी गोस्वामी द्वारा 13वीं बार रक्तदान किया गया। शिविर में 104 यूनिट रक्तदान हुआ। रॉयल ग्रुप के लोकेश जायसवाल ने बताया 33 यूनिट जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक प्रतापगढ़ व 71 यूनिट उदयपुर की आर. एन.टी. टीम द्वारा संग्रह किया गया। दाउदी बोहरा मेडिकल कमेटी, जीवन रक्षक, रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान द्वारा सहयोग किया गया जिसमें दाउदी बोहरा मेडिकल कमेटी के कुतुबुद्दीन बोहरा, शब्बीर जर्मन, यूसुफ बोहरा, अदनान बोहरा, बुरहानुद्दीन, होजफा, ताहेर बोहरा, मोहम्मद बोहरा, मुर्तजा, जीवन रक्षक के अशोक सोनी, प्रदीप व्यास, रमेश पारीक व केंद्र वीर कांतिलाल दक, केंद्र चेयरमैन वीर कैलाश गोस्वामी, वीर अविनाश गौड, रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान के लोकेश जायसवाल, प्रदीप उपाध्याय, राकेश गायरी, बनवारी लाल जोशी, शाहिद खा, राज कुमार गायरी, सिद्धार्थ नलवाया, कैलाश चन्द शर्मा, हरिओम सोलंकी ने पहुंच कर रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया।

## महावीर इंटरनेशनल बेगूं केंद्र
## उपखंड स्तर पर सम्मानित किया

**महावीर इंटरनेशनल बेगूं केंद्र** को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल पारसोली केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र, दन्त व रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पारसोली केंद्र** द्वारा स्वर्गीय सेठ सा शोभा लाल जी व स्वर्गीय श्रीमती नाथ बाई पितलिया की स्मृति में गौतम कुमार पितलिया के सौजन्य से पारसोली पितलियां वाटिका में विशाल 27वां नि:शुल्क नेत्र, दन्त व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र रोग के लगभग 260 मरीजों की जांच हुई जिसमें 130 मरीजों के ऑपरेशन नीमच में निर्धारित दिनांक को किए जाएंगे बिना ऑपरेशन वाले मरीजों को दवाईयां नि:शुल्क दी गई व दंत रोग के 145 मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में गोमाबाई नेत्रालय नीमच विश्नोई डेंटल केयर निंबाहेड़ा के डॉ. आर.आर.



नि:शुल्क नेत्र, दन्त व रक्तदान शिविर का आयोजन

विश्नोई एवं टीम जीवन दात्ता चित्तौड़गढ़ द्वारा सेवाएं दी गई। राजस्थान प्रवर्तिनी सदगुरुवर्या यशकवर जी महाराज साहब की सुशिष्या प्रवचन चंद्रिका मैंना कवर जी महाराज सा आदि ठाना 5 का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। केंद्र वीर गौतम कुमार पितलिया, वीर राजेंद्र कोठारी, वीर राकेश पितलिया, वीर प्रकाश चंद्र नागौरी, वीर निर्मल पाटनी, वीर रमेश चंद्र नागौरी, वीर रमेश धाकड़, वीर पवन नागौरी, वीर हंसराज पितलिया, वीर विमल पितलिया, वीर राजेंद्र पोखरणा, वीर विशाल पितलिया, वीर शैलेंद्र बोहरा, वीर राजेश्वर शर्मा, वीर भवर नागौरी, वीर कैलाश अटल, वीर राजेश नागौरी, वीर रतन खटीक, वीर दीपक पीतलिया, वीर कन्हैया लाल गुजर ने सेवाएं दी। शिविर में रीजनल सचिव वीरा सरोज ढेलावत, वीरा टीना नाहर, वीरा रानी सिंघवी, जोन चेयरपर्सन वीर चांदमल बोकडिया, जोन सचिव वीर प्रवीण जैन, बेगूं केंद्र वीर कैलाशचंद्र धाकड, वीर जितेंद्र सुराणा, वीर विनोद पगारिया, वीर लोकेश जैन, वीरा किरण पगारिया, वीरा निर्मला बोहरा, मांडलगढ़ से वीर मूलचंद डांगी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र
## कन्यादान कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी निम्बाहेड़ा केंद्र** द्वारा कन्यादान पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत वैवाहिक बंधन में बंधने जा रही बालिका को वैवाहिक परिधान, श्रृंगार के सामान के साथ घर गृहस्थी वस्तुएं उपहार स्वरूप प्रदान कर उसके सुखद गृहस्थ जीवन की कामना

की गई। रीजनल सचिव वीरा सरोज ढेलावत ने बताया कि यह कार्यक्रम आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के परिवारों को संबल प्रदान करने तथा गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाली बालिका के आत्मविश्वास को प्रबल करने के लिए संस्था द्वारा चलाया जा रहा हैं, शुक्रवार को पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक अशोक नवलखा की अध्यक्षता में संस्था का 37वां कन्यादान किया गया। दशहरा मैदान स्थित अशोक वाटिका में आयोजित एक कार्यक्रम में इस बार कन्यादान के लिए बालिका दिव्या नाथ



**कन्यादान कार्यक्रम का आयोजन**

का चयन किया गया। उपहार स्वरूप विभिन्न वस्तुएं प्रदान करने के दौरान बालिका के पिता उनकी माता सहित कई अतिथि मौजूद रहे। सदस्या वीरा प्रमिला नीलेश सहलोत ने भवरबाई जी सहलोत की पुण्य स्मृति में श्री जैन दिवाकर कमल गौशाला में एक ट्रैक्टर एवं श्री सांवरिया गौशाला में भी एक ट्रैक्टर हरा चारा खिलाकर गौ सेवा की एवं उसके बाद मंडी प्रांगण में कबूतरों को 1 क्विंटल मक्का खिलाया। कार्यक्रमों में अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्व महामंत्री विरेश चपलोत, नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, शक्तिकेंद्र संयोजक ओमप्रकाश नाथ एवं केंद्र चेयरपर्सन वीरा प्रीति खेरोदिया, सचिव वीरा प्रियंका नाहर, कोषाध्यक्ष वीरा रानी संघवी, वीरा सुमन छाजेड़, वीरा कल्पना सिंघवी, वीरा गीतू खेरोदिया, वीरा मेघा सोनी, वीरा अंकिता सहलोत, वीरा पूजा सहलोत, वीरा रेखा सहलोत, वीरा पूजा कांठेड़, वीरा अल्पना चपलोत, वीरा टीना नहर, वीरा प्रमिला सहलोत, वीरा प्रियंका बोड़ाना उपस्थित रहे।

## रीजन-4

### डूंगरपुर-बांसवाड़ा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र नि:शुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर केंद्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में** 29 जनवरी को राजस्थान के मुख्यमंत्री द्वारा दिव्यांग जनों की सहायतार्थ वर्ष 2023-24 हेतु घोषित स्कूटी योजना के अंतर्गत 20 दिव्यांगों को राज्य सरकार की ओर से नि:शुल्क स्कूटी का वितरण किया गया। कार्यक्रम रोग निदान केंद्र पर नगर परिषद डूंगरपुर के सभापति श्री अमृत लाल कलासुआ के मुख्य आतिथ्य एवं एडीजे पदेन सचिव जिला विधिक सहायता प्राधिकरण श्री कुलदीप सूत्रकार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक श्री अशोक शर्मा, जोन चेयरमैन वीर पृथ्वीराज जैन एवं गवर्निंग काउंसिल सदस्य



**नि:शुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम**

वीर विनोद दोसी विशिष्ट अतिथि रहे। केंद्र की ओर से दिव्यांग एवं परिजनों को भोजन भी उपलब्ध करवाया गया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन वीर संजय गांधी, उपाध्यक्ष वीर रविंद्र सेठ, सह सचिव वीर अविचल कोटड़िया, वीर अभिषेक कोटड़िया, वीर पद्मेश गांधी, वीर प्रकाश जैन, वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, वीरा ममता भट्ट, वीरा पूजा कोटड़िया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जोन कोषाध्यक्ष वीर नीरव जैन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की श्रीमती पिंकी मीणा ने किया।

### महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र झंडा वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नौगामा केंद्र** द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय



**झंडा वितरण कार्यक्रम**

बालिका विद्यालय में बागीदौरा झंडा वितरण कार्यक्रम किया गया।

### महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल डूंगरपुर प्रियदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी कार्यक्रम के तहत 24 जनवरी को भोईवाडा आंगनबाड़ी केंद्र में 8 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक पोषाहार वितरित किया गया। जिसमें घी, गुड़, दलिया, दाल, गोला, परमल, बिस्किट के पैकेट आदि पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की गयी। केंद्र द्वारा हर माह जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरित किया जाता हैं ताकि माता अपने स्वास्थ्य के साथ एक स्वस्थ शिशु को जन्म दे सके। वीराओं द्वारा महिलाओं को प्लास्टिक मुक्त भारत, जल ही जीवन हैं, कपड़े की थैली मेरी सहेली, के बारे में जानकारी दी गई। केंद्र द्वारा कुछ बस्ती में भामाशाह रमेश वरियानी

के सौजन्य से प्राप्त कम्बल वितरण किए गए। वीराओं द्वारा बच्चों के कपड़े, स्वेटर वितरित किए गए। वीरा किरण अमित जी दावड़ा के सौजन्य से उनके 25वीं शादी की सालगिरह पर तपस मूक बधिर स्कूल के 80 बच्चों को भोजन करवाया। 15 फरवरी को शहर की कच्ची बस्ती में निर्धन व गरीब जरूरतमंद परिवारों को नये कम्बल, टावल, साड़ियां, पेन्ट-शर्ट, टी-शर्ट, जिन्स व बच्चों के कपड़े वितरित किए



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

गए। वीराओं के सहयोग से लगभग 50 परिवार को कपड़े वितरित किए गए। केंद्र चेयरपर्सन वीरा कल्पना दोसी, वीरा सचिव पुष्पक जैन, कोषाध्यक्ष वीरा निधि गांधी, सह-उपाध्यक्ष वीरा ममता भट्ट, सह सचिव वीरा पूजा जैन, कन्वीनर वीरा रेखा गोठी, वीरा ममता भट्ट, वीरा साधना जैन, वीरा नीलम दोसी, वीरा प्राची गांधी, वीरा शशिकला दावड़ा, वीरा किरण, वीरा हिरुषा शाह, वीरा रितु शाह, वीरा सुषमा गांधी, वीरा दिक्षिता गांधी आदि वीरायें उपस्थित रही।

## महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा केंद्र सागवाड़ा जन जाग्रति पर्यावरण संरक्षण अभियान

**महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा केंद्र सागवाड़ा** द्वारा "भारत स्वाभिमान पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की योगिनी साध्वी जी देववाणी जी, देव गरिमा जी के द्वारा तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में जन जाग्रति अभियान पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त' हमारा देश पोस्टर का विमोचन किया गया।" महावीर प्रवाह पत्रिका



जन जाग्रति पर्यावरण संरक्षण अभियान

का 'स्वर्णोदय अंक, महावीर इंटरनेशनल संस्था के स्वर्णिम सेवा यात्रा के 50 वर्ष की पत्रिका महावीर इंटरनेशनल एक परिचय' भी उन्हें भेंट किया। कार्यक्रम में राजस्थान महिला प्रभारी विजयलक्ष्मी दीदी, जिला प्रभारी डॉ. निर्मला जी पटेल, जिला प्रभारी भाई श्री बाबूलाल जी, नगीनलालजी जैन, सागवाड़ा, प्रतापगढ़ से पधारें हुए सभी योग योगिनी भाई बहनें, पुनर्वास कालोनी मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी नगर के गणमान्य साधकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# राजसमंद संभाग

## महावीर इंटरनेशनल आमेट केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल आमेट केंद्र** द्वारा घुमंतू छात्रावास में विद्यार्थियों को ठंड से बचाव के लिए स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर प्रायोजक



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

केंद्र चेयरमैन वीर हस्तीमल पामेचा की तरफ से सहयोग मिला। डिप्टी डायरेक्टर वीर ज्ञानेश्वर मेहता ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति व पर्यावरण शुद्धता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर केंद्र चेयरमैन वीर हस्तीमल पामेचा, सचिव वीर सुभाष कोठारी, वीर ज्ञानेश्वर मेहता, कोषाध्यक्ष वीर ललित छाजेड़, वीर नरेंद्र बडोला, वीर पवन मेहता, वीर देवीलाल आदि की उपस्थिति रही। यह जानकारी मीडिया प्रभारी वीर पवन कच्छारा ने दी।

## महावीर इंटरनेशनल राजसमंद केंद्र दिव्यांग शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल राजसमंद केंद्र एवं भगवान महावीर विंकलांग सहायता समिति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजसमंद के संयुक्त तत्वावधान में** 8 फरवरी को दिव्यांग शिविर ग्राम झोर में एक विशाल



दिव्यांग शिविर का आयोजन

शिविर लगाया गया। इस शिविर में व्हीलचेयर, बैसाखी, फुटवियर आदि जरुरतमंदों को दी गई। इस शिविर में आंखों की भी जांच की गई एवं दवाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर डॉ. जी.एल. हिंगड़, महेश पगारिया, हरकलाल बापना, हंसमुख कावड़िया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र पोषाहार एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नाथद्वारा केंद्र** द्वारा 10 फरवरी को वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय चिकित्सालय में लेबर रूम में नवजात



पोषाहार एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम

शिशुओं को इन्फेक्शन से बचाव हेतु 50 बेबी किट डॉ. प्रतिभा शाह व नर्सिंग स्टॉफ की उपस्थिति में भेंट किए गए। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के तहत नियमित जांच करवाने आई 40 गर्भवती महिलाओं को गुड़, गोला एवं चने प्रदान करते हुए पौष्टिक आहार से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया ताकि सुरक्षित मातृत्व एवं देश के भविष्य को संवारने में गर्भवती मां अपनी महती भूमिका निभाएं, क्योंकि आज का बच्चा कल का भविष्य हैं। इस कार्यक्रम में जोन चेयरमैन वीर संपत लाल लोढ़ा, केंद्र चेयरपर्सन वीरा अरुणा जैन, सह सचिव वीरा सीमा जैन, संस्था सदस्य वीरा संतोष मारवाड़ी, डॉ प्रतिभा शाह एवं नर्सिंग स्टॉफ ने बहुत उत्साह से सहयोग प्रदान किया।

## महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र राजसमंद** द्वारा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में "राजकीय प्राथमिक विद्यालय सालमपुरा" में बच्चों को मिठाई, चॉकलेट, कचोरी व बिस्कुट वितरण किए गए। मिठाई, चॉकलेट, कचोरी केंद्र चेयरपर्सन वीर सबर चोरड़िया की तरफ से एवं बिस्कुट वीरा टीना सियांल की तरफ से बांटे गए। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। 10 फरवरी को कमला नेहरू हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं को गुड, गोले व चने बांटें गए। इस कार्यक्रम में डॉ. भूपेश परतानी की अध्यक्षता रही एवं डॉ. ममता प्रजापत की उपस्थिति रही। काउंसलर वीरा मोनिका शर्मा भी मौजूद रही और 50 सेनेटरी नैपकिन भी बांटे गए। जरूरतमंद बच्चों को पहनने योग्य कपड़े दिए गए। गुड़, गोले एवं चने का वितरण वीरा टीना सियांल की तरफ से किया गया। 15 फरवरी को आर. के. हॉस्पिटल में मिल्क बैंक में दूध डोनेट करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित रूप में बिस्कुट 50 पैकेट 50 डब्बे उपहार दिए गए।




पोषाहार किट एवं सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

यह प्रोजेक्ट मिल्क बैंक स्टॉफ इंदिरा व विमला जी की उपस्थिति में हुआ। इन अवसरों पर केंद्र चेयरपर्सन वीरा सबर चोरड़िया, सचिव वीरा मधु शोभावत, कोषाध्यक्षा वीरा पुष्पा मालू, सहसचिव वीरा टीना सियांल, वीरा विनीता बापना सहित कई वीरायें उपस्थित रही।

## उदयपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र** द्वारा जनवरी माह में आर.एन.टी. कॉलेज में महिला एवं शिशु देखभाल कल्याण सेवाओं के अंतर्गत 31 गतिविधि के माध्यम से 45 महिलाएं लाभान्वित हुई। प्रेगनेंसी टू इन्फैंसी के दौरान 32 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुई। केंद्र द्वारा 145 बेबी किट का वितरण किया गया। जागरूकता अभियान के अंतर्गत मदर मिल्क सेन्टर में 15 महिलाएं लाभान्वित हुई। विज्ञान समिति उदयपुर में आयोजित चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श शिविर में 32 मरीज व एक्यूप्रेशर शिविर में 12 मरीज लाभान्वित हुए। अहिंसा पुरी में आयोजित फिजियोथैरेपी सेन्टर में 110 मरीज लाभान्वित हुए। 13 जनवरी को श्रीमती प्रमिला चौधरी की ओर से व्हीलचेयर अस्पताल में दान दी गयी। 22 जनवरी को केंद्र द्वारा मृत्युपरांत देहदान एवं नेत्रदान किया गया। 23 जनवरी को छात्रवर्ती के रूप में MBBS कोर्स में कोठारी परिवार के सदस्य को 36250/- की सहायता की। मानव सेवा समिति में 452 लोगों को, आशाधाम में 150 लोगों को एवं थियोसोफिकल सोसाइटी में 50 लोगों को खाना खिलाया गया। केंद्र द्वारा द इंजीनियर्स इंडिया में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 115 सदस्य उपस्थित हुए। अशोका ग्रीन में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 101 सदस्य उपस्थित रहे। महाकालेश्वर गौशाला में 300 गायों को चारा डलवाया गया। 9 से 11 जनवरी तक





बेबी किट एवं जीव दया कार्यक्रम

अस्पताल में 25000 कपड़ों का वितरण किया गया। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में जानना वार्ड एवं बच्चों के वार्ड में 425 कम्बल व वूलन सामग्री का वितरण किया गया। स्थायी सेवाओं के अंतर्गत बॉयज हॉस्टल में पेयजल उपलब्धता हेतु 500 लीटर प्रतिघंटा की क्षमता का आर.ओ. का संचालन हो रहा हैं। महाराणा

भूपाल राजकीय चिकित्सालय, फतहसागर पाल एवं बाल चिकित्सालय में स्थायी जल मन्दिर (प्याऊ) का संचालन हो रहा हैं। महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय के जनाना वार्ड में जरूरतमंदों को इस माह वितरित सामग्री में 152 पेटीकोट, 256 कटोरी, 86 पलाडी, 51 ड्रेस, 35 के.एम.सी. बैग, 8 किग्रा सत्तू 620 बिस्कुट्स उपलब्ध कराई गयी।

## महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान

**महावीर इंटरनेशनल खेरवाड़ा केंद्र** द्वारा कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान के तहत बेबी किट वितरण प्रभारी मिलिंद व्यास के नेतृत्व में कस्बे के महावीर नगर में कपड़े की थैलियां वितरित की गई। साथ ही कॉलोनीवासियों के



**कपड़े की थैली मेरी सहेली अभियान**

सभी परिवारों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक की थैली एवं अन्य प्लास्टिक के सामान का उपयोग नहीं करने की शपथ भी दिलाई। 9 सदस्यों द्वारा प्रायोजित इस अभियान के तहत कस्बे में एवं आसपास के क्षेत्र में 1 हजार कपड़े की थैलियां वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस दौरान केंद्र चेयरमैन वीर बसंत कोठारी, सचिव वीर हितेश पंचोली, सहसचिव वीर पुष्कर जैन, उपाध्यक्ष वीर मुकेश कलाल, वीर मिलिंद व्यास, वीर हरीश बडला उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी केंद्र** द्वारा राजकीय विशिष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय (रेजिडेंसी परिसर) में 51 बच्चों को स्वेटर वितरण किए गए। इसी विद्यालय में सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया, उपस्थित छात्राओं को डॉ. अमृता बोकडिया ने स्वच्छता व मासिक धर्म के दौरान होने वाली कठिनाईओं व उसके निराकरण की जानकारी दी। छात्राओं द्वारा उनके समक्ष अनेक जिज्ञासाएं रखी जिसका उन्होंने समाधान दिया। कार्यक्रम में केंद्र चेयरमैन वीर करुण चंडालिया, सचिव वीर नरेन्द्र कुमार लोढ़ा, उपाध्यक्ष वीर ललित लोढ़ा, सह-सचिव वीर करण सिंह कटारिया, वीर दिलीप कावडिया, वीर डॉ. नरेन्द्र कुमार जैन, वीर सुभाष झा, वीरा प्रेमा चंडालिया, वीरा पुष्पा लोढ़ा, वीरा अरुणा कटारिया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र कम्बल एवं बिस्कुट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल ऋषभदेव केंद्र एवं श्री श्वेताम्बर पाठशाला मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में** 28 जनवरी को राजकीय प्राथमिक



**कम्बल एवं बिस्कुट वितरण कार्यक्रम**

विद्यालय आडावेला में 55 बच्चों को कम्बल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। इस अवसर पर पाठशाला मंदिर के संस्थापक श्री उत्तम चंद जी सिंघवी, केंद्र चेयरमैन वीर राकेश मलासिया, उपाध्यक्ष वीर वस्तुपाल दावड़ा, सचिव वीर मुकेश गांधी, कोषाध्यक्ष वीर संजय वोरा, वीर महावीर गांगावत, वीर संजय मलासिया, संस्था प्रधान श्रीमती रेखा जी एवं उनका स्टॉफ आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# रीजन-5

## बीकानेर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर बीकानेर जन जागरण अभियान

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर बीकानेर** द्वारा चलाये जा रहे जन जागरण अभियान कपड़े की थैली मेरी सहेली-सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर के तहत 22 जनवरी को श्री जैन कन्या पी.जी. महाविद्यालय बीकानेर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए चेयरमैन वीर टोडर मल चोपड़ा ने बीकानेर के चारों केंद्रो द्वारा चलाये जा रहे जन जागरण अभियान "कपड़े की थैली मेरी सहेली" कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुनीता गोयल, आचार्य राजनीति विज्ञान डूंगर महाविद्यालय बीकानेर रही। मुख्य वक्ता ने सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे पानी की बोतल, पानी के गिलास, चाय के कप, डिस्पोजल केटरिंग सामान, प्लास्टिक थैली का उपयोग नहीं करना हैं। हमें स्वयं को जागरूक करना हैं। यदि एक व्यक्ति भी इसका उपयोग करना बंद करता हैं तो केंद्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अनुसार 11 किलो प्रतिवर्ष उपयोग रोक सकते हैं। हमें पर्यावरण को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए और "कपड़े की थैली मेरी सहेली" की आदत जीवन शैली में डालनी



**जन जागरण अभियान**

चाहिये। छात्राओं से प्रश्नोंत्तरी कार्यक्रम में उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया तथा प्रोत्साहित करने हेतु संस्था द्वारा गिफ्ट दिए गए। शाला आचार्य डॉ. संध्या सक्सेना को महावीर इंटरनेशनल द्वारा पर्यावरण बोर्ड भेंट कर शाला में लगाने का निवेदन किया। सभी विद्यार्थियों, अध्यापको को कपड़े के 200 थैले भेंट किये। सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम मे जैन कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों की प्रभारी डॉ. राजेंद्र जोशी और अरुणा त्यागी ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य डॉ. संध्या सक्सेना ने सभी आंगतुकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वीर नरेन्द्र सुराणा, वीर प्रवीण मित्तल, वीर टोडर मल चोपड़ा, वीर चंद्र कुमार राखेचा, वीरा भारती गहलोत, वीरा रक्षा बोथरा तथा शाला के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। बच्चों ने कपड़े की थैली मेरी सहेली के नारे लगाकर कार्यक्रम का समर्थन किया। केंद्र द्वारा 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पर्यावरण रक्षा का सन्देश जन जाग्रति अभियान, कपड़े की थैली मेरी सहेली, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर के तहत एस.एन. मेमोरियल यूनिवर्सल स्कूल उदासर मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीए प्रियंका जैन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसानों को बताया एवं कहा कि मनुष्य समझदार और बोलने वाला एक मात्र प्राणी हैं। मनुष्य का दायित्व हैं वह पर्यावरण, भूमि, वन, जीव, जंतु की रक्षा व भरणपोषण कर, उनके नष्ट होने का कारण नहीं बने। हमारा दायित्व क्या हैं? क्या हम विरासत मे दूषित पर्यावरण छोड़ कर जायेंगे। क्या हम प्लास्टिक के विकल्पों का उपयोग नहीं कर सकते हैं? यदि कर सकते हैं तो हमें पहल करनी होंगी शाला प्रधान श्रीमती सुषमा जी ने महावीर इंटरनेशनल द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम कपड़े की थैली मेरी सहेली-सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर की प्रशंसा करते हुए सभी का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम प्रभारी वीरा भारती गहलोत और वीर टोडर मल चोपड़ा ने शाला में लगाने हेतु जन जाग्रति अभियान के 2 बोर्ड भेंट कर शाला में लगाने का अनुरोध किया। सभी बच्चों व अध्यापकों को लगभग 200 कपड़े के थैले भेंट किये।

## महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र स्वेटर वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केंद्र** द्वारा सेवा कार्य के तहत 21 जनवरी को अपना घर एवं वृद्धाश्रम, वृंदावन एन्क्लेव, बीकानेर में एक विशेष स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में आर्थिक सहयोग



स्वेटर वितरण कार्यक्रम

वीर नरेंद्र जी सुराणा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत 90 स्वेटर जरूरतमंदों और वृद्धजनों को वितरित किए गए। 22 जनवरी को कन्या महाविद्यालय में 200 कपड़े की थैलियों का वितरण किया गया। 28 जनवरी को 15 महावीर पत्रिकाओं का वितरण किया गया। इन अवसरों पर वीर नरेंद्र सुराणा, वीर संतोष कुमार बांठिया, वीर धर्मचंद सेठिया, वीर महेंद्र सेठिया, वीर प्रवीण मित्तल, वीर मेघराज बोथरा, वीर सुमतिलाल बांठिया, वीर सुरेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल गंगाशहर केंद्र** द्वारा 19 जनवरी को नियमित सेवा प्रकल्प जीव दया प्रकोष्ठ के तहत वीर प्रकाश सेठीया के सौजन्य से सुजानदेसर काली माता मंदिर से आगे गोचर भूमि में निराश्रित रह रही गायों को 5 मन चारा डलवाया। 25 जनवरी को भोजन वितरण के तहत श्रीमान ललित सुप्रिया राखेचा के सौजन्य से सेवा आश्रम न 2 मे 50 मंदबुद्धि बच्चों व माताओं को दोपहर का नाश्ता दूध, बिस्कुट, नमकीन और सूखे मेवे (काजू किशमिश) आदि का कराया गया। 31 जनवरी को राजकीय बालिका बांठिया उच्च माध्यमिक विद्यालय भीनासर में "झिझक छोड़ो चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो" के तहत बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे बोलते हुए वीरा डॉ. अशु मलिक (को-डायरेक्टर मेडिकल एंड हेल्थ सर्विस) ने बालिकाओं को बहुत सरल शब्दों में स्वच्छता के बारे में बताया। केंद्र द्वारा शाला की आवश्यकता को देखते हुए एक इंसिनेटर मशीन लगवाई जिनका आज के अतिथियों द्वारा बटन दबाकर चालू करवाकर शाला को भेंट की। मशीन के आर्थिक सहयोगी कालूराम त्रिलोक चंद बाफना परिवार रहे। 3 फरवरी को श्री छगन लाल सुरेश कुमार जैन के सौजन्य से सुजानदेसर काली माता मंदिर से आगे गोचर भूमि में निराश्रित रह रही गायों को 7 मन चारा डलवाया। 4 फरवरी को श्रीमान जयचंद लाल ममता पटवा के सौजन्य से शान्ति निवास वृद्धाश्रम बीकानेर में 20 प्रभुजनों व माताओं





जीव दया एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

को सुबह का खाना हलवा, पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल आदि का कराया गया। 5 फरवरी को चेयरमैन वीर टोडर मल चोपड़ा द्वारा अपनी माता श्री स्वर्गीय श्रीमती मीना देवी चोपड़ा की पुण्यस्मृति पर सेवा आश्रम न. 2 व नारी निकेतन बीकानेर में 22 प्रभुजनों व 26 माताओं को सुबह का खाना गुलाबजामुन, भुजिया, पूड़ी, सब्जी, दाल, चावल आदि का कराया गया। इन अवसरों पर वीर टोडर मल चोपड़ा, वीर त्रिलोक चंद बाफना, वीर चन्द्रकुमार राखेचा, वीर एडवोकेट के.एल. बोथरा, वीरा रक्षा बोथरा, वीरा अंजू जैन, वीरा सरिता आँचलिया, वीरा अंजू चोपड़ा, वीरा श्वेता भूरा, वीरा लविशा चोपड़ा आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र** द्वारा जनवरी माह में संचालित फिजियोथैरेपी सेन्टर, होम्योपैथी व मनोपरामर्श, नेत्र जांच एवं एम्बुलेंस में बीपीएल एवं नि:शक्त जनो को नि:शुल्क सेवा प्रदान की



जूते, जुराब एवं फल वितरण कार्यक्रम

गई। शिविर में फिजियोथैरेपी: 849, एम्बुलेंस: 6, ऑक्सीजन: 1। 23 जनवरी को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, भगत सिंह कॉलोनी, नोखा में जूते-जुराब एवं फल वितरित किए गए। केंद्र सचिव वीर बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि विद्यालय के समस्त बालक-बालिकाओं को कुल 76 जोड़ी जूते-जुराब तथा स्वर्गीय आसकरण पींचा की पुण्य स्मृति में फल वितरित किए गए। केंद्र कार्यकारिणी सदस्य वीर शिखर चंद पींचा ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनसे प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में अच्छे नागरिक बनने की सीख दी। रीजनल सचिव वीर राजेंद्र सिंह राठौड़ व केंद्र कार्यकारिणी सदस्य वीर सीए पंकज चांडक ने भी विचार व्यक्त किये। वीर ईश्वर चंद्र दूगड़, यूथ केंद्र चेयरमैन वीर विनोद सेठिया, वीर श्यामसुंदर सेवग, वीर मनीष बिश्नोई, विद्यालय एसएमसी सदस्य मांगीलाल सोलंकी, प्रवीण सोनी, मधु चौधरी, अध्यापक महीराम, भगवानाराम, प्रीतम सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र कम्बल वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल श्रीगंगानगर केंद्र** द्वारा राजकीय विद्यालय मटीली राठान व राजकीय विद्यालय, कालूवाला में कुल 196 स्वेटर व निर्धन बच्चों के अभिभावकों को 70 कम्बलों



कम्बल वितरण कार्यक्रम

का वितरण किया गया। गुरुनानक बस्ती जरूरतमंद परिवारों में 95 कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर भानु गर्ग, सचिव वीर राकेश बोरड़, वरिष्ठ सदस्य वीर नरेश जैन, वीर शंकर गर्ग, मैनेजर विष्णु गोयल इंदुभूषण चावला व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरतगढ़ केंद्र** द्वारा 21 जनवरी को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, किशनपुरा नई आबादी व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 2, सूरतगढ़ में जरूरतमंद विद्यार्थियों को 300 जोड़ी जुराबें वितरित की गयी। ये जुराबें



जुराबें वितरण कार्यक्रम

संस्था को समाजसेवी राकेश कुमार नरूला के सहयोग से प्राप्त हुई। अरोड़वंश सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील नागपाल द्वारा अपनी पुत्री स्वर्गीय वनिषा रंगबुल्ला की 11वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में भर्ती रोगियों व उनके परिजनों को दूध, ब्रेड, फल एवं बिस्कुट वितरित किए गए। समाजसेवी शिवचरण उपाध्याय द्वारा अपने सहयोगी के साथ मिलकर सेवा में सहयोग किया गया। स्थाई सेवा कार्य के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ में 200 हाइजीनिक बेबी किट प्रदान की गई। केंद्र द्वारा पुराने अखबारों को एकत्रित करने के अभियान के अंतर्गत 529 किलो गत्ते, अखबार व कॉपी एकत्रित किए गए। कार्यक्रमों में डी.टी.ओ. विनोद लेघा फलौदी, प्रधानाध्यापक श्रीमती सुशीला सियाग, अध्यापक सुशील कुमार, जयनारायण स्वामी, गोविन्द सिंह, धर्मपाल वर्मा, हेतराम, मंजू धुड़िया, दीप्ति, वीना रानी, रामेश्वर लाल, प्यारे लाल, जगदीश, ममता

गिरी, योगेश कुमार, सुनीता, मनीष घिंटाला सहित केंद्र चेयरमैन वीर दिलीप मिश्रा, पूर्व वीर नत्थूराम कलवासिया, सम्भागीय चेयरमैन वीर संजय बैद, सम्भागीय कोषाध्यक्ष वीर रमेश कुमार शर्मा, वीर नीरज डांग उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर स्वावलम्बन प्रोजेक्ट के तहत स्वरोजगार

**महावीर इंटरनेशनल बीकाणा वीरा केंद्र बीकानेर** द्वारा संचालित सिलाई सेन्टर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को सेन्टर में मिल रहा हैं रोजगार इन महिलाओं के द्वारा



**स्वावलम्बन प्रोजेक्ट के तहत स्वरोजगार**

संचालित सिलाई सेन्टर में प्रशिक्षण के दौरान रुपए जी मिष्ठान भंडार के थैले, महाकुंभ मेले में वितरित किए जाने वाले थैले, जूट बैग, शादी के लिए थाली सजाने का काम, छोटे पोटली बैग बनाने का काम आदि किए जा रहे हैं। 10 फरवरी को कन्यादान महादान योजना के अंतर्गत एक जरूरतमंद परिवार की दो बालिकाओं के बारात के भोजन हेतु आवश्यक सभी सामग्री धान, दालें, आटा, बेसन, तेल एवं मसाले इत्यादि भेंट किए गए। इस पुण्य कार्य में एक बालिका के लिए वीरा बहनों ने तथा उसके साथ ही साथ उनकी प्रेरणा से एक जैन भाई ने भी दूसरी बालिका की शादी का सम्पूर्ण खर्च वहन कर गुप्त सहयोग किया। सुजानदेसर में रहने वाले बालिकाओं के इस परिवार के आग्रह पर उनकी पहचान गुप्त रखी गई हैं।

# जोधपुर संभाग

## महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधपुर केंद्र** द्वारा जनवरी माह में स्थाई सेवा प्रकल्प के तहत एक्यूप्रेशर महामंदिर सेन्टर एवं एक्यूप्रेशर सोजती गेट सेन्टर जोधपुर में कुल 603 मरीजों को सेवा देकर राहत पहुंचाई गई। महावीर इंटरनेशनल धर्मशाला का संचालन व रखरखाव महावीर इंटरनेशनल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा हैं जहां पर मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आने वालों के लिए रहने की व्यवस्था की जाती हैं इस माह में कुल 915 व्यक्तियों की ठहरने की व्यवस्था की गई। सेवा कार्य के तहत वीर प्रकाश मेहता (उपाध्यक्ष) द्वारा सनातन गौशाला जोधपुर में गायों के लिए लापसी व चारा की एक दिन की व्यवस्था की गई जिसका 15000/- खर्च वहन किया। 24 जनवरी को वीर डॉ. आर.आर. पटवा (केवल प्रेम फाउण्डेशन ट्रस्ट) द्वारा अपना घर आश्रम में 238 व्यक्तियों (प्रभुओं) को सुबह का भोजन करवाया गया। 26 जनवरी को केंद्र चेयरमैन वीर डॉ. जे.सी. गांधी को जिला प्रशासन द्वारा भामाशाह व समाज सेवा के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला कलक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। 29 जनवरी



**सम्मान समारोह कार्यक्रम**

को केंद्र, रतन एवं रिखब भंसाली चेरिटेबल ट्रस्ट एवं राज हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 347 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई तथा शिविर में 12 मरीजों को नि:शुल्क आंखों के ऑपरेशन के लिए चयन किया। सारथी फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा समाज सेवी व उत्कृष्ट कार्य के लिए वीर डॉ. जे.सी. गांधी, वीर प्रकाश मेहता, वीर आलोक मेहता, वीर प्रकाश चोपड़ा को सेवा कार्य के लिए राज्य सभा सांसद राजेन्द्र गहलोत व विधायक जोधपुर शहर अतुल सा भंसाली द्वारा "राजस्थान गौरवशं" से सम्मानित किया गया। माँ अन्नपूर्णा सेवा संस्थान द्वारा भी वीर डॉ. जे.सी. गांधी, वीर आलोक मेहता, वीर प्रकाश मेहता व वीर प्रकाश चोपडा को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जनवरी माह 2025 में झंवर गांव में मोर, कबूतर, चिड़ियों आदि के लिए ज्वार, बाजरा, मक्का आदि की केंद्र द्वारा व्यवस्था की गई जिसकी लागत करीब 6550/- आई।

## महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नागौर केंद्र** द्वारा जनवरी माह में सेवा गतिविधियों के अंतर्गत महावीर इंटरनेशनल रोग निदान केंद्र में संचालित सभी प्रकार की चिकित्सकीय जांच सेवायें केवल लागत मूल्य पर उपलब्ध करवाई गई जिसमें लैब टेस्टिंग: 791 केस, सोनोग्राफी: 153, ई.सी.जी.: 31, डीजीटल एक्सरे: 153 व जरूरतमंद व निर्धनों को नि:शुल्क सेवाएं भी दी गयी। वीर



पारसमल परिहार द्वारा 24 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गई जिसमें रु.3160 की राशि वहन की गई। संस्था द्वारा संचालित फिजियोथैरेपी सेन्टर में आधुनिक मशीनों द्वारा 275 मरीजों को डॉ. हेमा परिहार द्वारा लागत मूल्य पर थैरेपी प्रदान की गई। 10 जनवरी को स्पाइन सर्जन डॉ. नितिन गोयल द्वारा 5वां हड्डी रोग जांच एवं प्रमुख शिविर का आयोजन संस्था के भवन भोग निदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में हड्डी रोग से संबंधित 21 मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं जांच परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग निदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. मुदिता सोलंकी द्वारा 42 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। 25 जनवरी को शेल्बी अस्पताल जोधपुर के संयुक्त तत्ववाधान में 11वां नि:शुल्क हड्डी रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग निदान केंद्र में रखा गया। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष वैष्णव द्वारा 49 से अधिक मरीजों की जांच करके आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। 31 जनवरी को महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर MDH यूनिट नागौर व महावीर इंटरनेशनल विकलांग पंजीकरण शिविर का आयोजन संस्था के भवन रोग मैदान केंद्र में रखा गया इस शिविर में 290 मरीज का चयन किया गया। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर गौतम चंद कोठारी, रीजन-5 अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर अनिलकुमार बांठिया, सचिव वीर विमलेश समदड़िया, उपाध्यक्ष राजेश रावल, वीर प्रमील नाहटा, वीर नवरत्नमल बंगाणी, वीर सुरेश चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल जोधाबाई केंद्र जोधपुर** द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर 5 परिवारों को वीरा शांता मेहता द्वारा 1 महीने का किराना दिया गया। कुल 20 लोग लाभान्वित हुए। वीरा





जीव दया एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

प्रमिला वेद द्वारा गंगानी स्थित अनाथ आश्रम में 50 बच्चों के लिए 50 जोड़ी स्लीपर की भेजी गई। केंद्र सचिव वीरा आशा जैन द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को दवाईयां व अन्य सामान दिया गया। वीरा लीला लोहिया ने 18 जनवरी को अपना घर में 225 लोग को एक समय का भोजन दिया। वीरा नीलम मेहता द्वारा महिला सशक्तिकरण के तहत 21 लड़कियों की शादी सहायता हेतु अपने जीवनसाथी की तृतीय मासिक पुण्यतिथि पर महावीर स्वामी सेवा समिति को रु.5000 दिए। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विशिष्ट विद्यालय में झंडारोहण और 700 बच्चों को लडडू का वितरण वीरा उर्मिला जैन के सहयोग से किया गया। केंद्र द्वारा महिला सशक्तिकरण के तहत ब्यूटी पार्लर का कोर्स महिलाओं के लिए खोला गया। पार्लर की ओपनिंग अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव वीर अशोक गोयल द्वारा की गई। वीरा नीता जैन की तरफ से केशव परिसर आदर्श वाटिका में 21 कन्याओं की शादी में सभी कन्याओं को गोदरेज की अलमारी उपहार के रूप में दी गई। वीरा लीला लोहिया ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में अपना घर आश्रम में 225 प्रभुओं को भोजन करवाया। जोन चेयरपर्सन वीरा वंदना बक्शी द्वारा शादी की सालगिरह पर शुभ सवेरा संस्थान में एक समय का भोजन करवाया। इसके साथ ही वीरा वंदना बक्शी ने शारदा गौशाला में गायों को रु.1100 का चारा डलवाया। माघ पूर्णिमा के अवसर पर वीरा कमला बोथरा द्वारा महादेव गौ सेवा समिति मोगड़ा में गायों को 5100 की लापसी खिलाई। इसके साथ ही केंद्र चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन एवं वीरा कमला बोथरा द्वारा भी गायों को चारा भी खिलाया गया। गरीब परिवार की लड़की की शादी में वीरा शांता मेहता के सहयोग से मदद की। दैनिक उपयोग की सामग्री के अलावा सोने के पॉलिश किया चांदी का सेट, पायजेब के अलावा नगद रु.3100 की मदद की गई व शादी के लिए हॉल की व्यवस्था भी कराई गई। इन विभिन्न अवसरों पर जोन चेयरपर्सन वीरा वन्दना बक्शी, डिप्टी डायरेक्टर वीरा राजलक्ष्मी भंडारी, डिप्टी डायरेक्टर वीरा अलका भंडारी, चेयरपर्सन वीरा अमिता जैन, सचिव वीरा आशा जैन आदि सदस्यों का बहुमूल्य सहयोग रहा।

## नार्थ-ईस्ट-बिहार संभाग

## महावीर इंटरनेशनल वी.आई.पी. आंचल केंद्र कोलकाता नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल वी.आई.पी. आंचल केंद्र कोलकाता** द्वारा प्रथम नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें चेयरमैन वीर अनुप जैन, वीर रतन फलोदिया प्रभारी ई-चौपाल एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। जरूरतमंद नागरिकों ने इस सेवा का लाभ लिया। कैम्प में नेचुरल हीलिंग थेरेपिस्ट डॉ. अमित जी झा भी पधारे।




नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

## रीजन-6

### बाड़मेर-बालोतरा संभाग

### महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर बालोतरा जोन संपूर्ण शारीरिक जांच का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल बाड़मेर बालोतरा जोन** द्वारा एवं थायोकेयर लिमिटेड मुंबई के द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष के निमित सेवा प्रकल्प एवं कार्यों की श्रृंखला में "सबकी सेवा सबको प्यार" के साथ 2024-25 स्थाई प्रकल्प चिकित्सालय की नियमित सेवा गतिविधि के अंतर्गत संपूर्ण शारीरिक जांच का आयोजन 20 जनवरी से 2 फरवरी तक वन्दे भारत पार्क बालोतरा में



संपूर्ण शारीरिक जांच का आयोजन

आयोजित हुआ। जिसमें 294 लोगों ने शारीरिक जांच करवाई। थायरोकेयर लिमिटेड के विकास शर्मा व टीम ने सुबह छ: बजे से दोपहर बारह बजे तक अपनी सेवा प्रदान की व केंद्र के वीर-वीरा सदस्य उपस्थित रहे। पत्रकार भाई बंधुओं ने भी सहयोग दिया और उनकी सेवा के तहत सम्मान किया गया। उपरोक्त सेवा प्रकल्प में वीर एवं वीरा सदस्यों की विशेष सेवाएं रही। जोन चेयरमैन MIF वीर पवन नाहटा ने सभी का आभार प्रकट किया। सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, कोषाध्यक्ष वीर सुरेश गोठी, केंद्र उपाध्यक्ष वीर चंद्रप्रकाश गुप्ता, वीर वकील साहब व वीर अशोक चोपड़ा, सचिव वीर दलपत जैन, संगठन मंत्री वीर हीरालाल प्रजापति सहित उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल बालोतरा केंद्र** द्वारा राजकीय नाहटा चिकित्सालय एवं बी.पी.एल.



भोजन वितरण कार्यक्रम

क्वार्टर समीप के अन्नपूर्णा रसोई घर में नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था की गई। अन्तर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर ओम प्रकाश बांठिया ने केंद्र द्वारा महावीर इंटरनेशनल के 50वें गोल्डन जुबली वर्ष के अंतर्गत राजकीय नाहटा चिकित्सालय, बीपीएल क्वार्टर समीप के अन्नपूर्णा रसोई घर में गुप्त दानदाता परिवार द्वारा नि:शुल्क भोजन के साथ मिष्ठान, फ्रूट की व्यवस्था कार्य को सराहनीय बताया। केंद्र द्वारा वंदे भारत पार्क पर पत्रकार का सम्मान किया गया। कार्यक्रमों में जोन सचिव वीर जवेरीलाल मेहता, सचिव वीर दलपत जैन, उपाध्यक्ष वीर अशोक चोपड़ा, संगठन मंत्री वीर हीरालाल प्रजापति, वीर गौतम दांती सहित सदस्यों ने भाग लिया।

### महावीर इंटरनेशनल पाली केंद्र नि:शुल्क बहुउद्देशीय तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल पाली केंद्र** द्वारा 4 फरवरी को मकान नंबर 204, BSNL वाली रोड महावीर नगर मेन रोड, अभिषेक अपार्टमेंट के बाहर, पाली में नि:शुल्क बहुउद्देशीय तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के लाभार्थी श्रीमान मांगीलाल जी अरविन्द कुमार जी गोलेच्छा रहे।



नि:शुल्क बहुउद्देशीय तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन

### जालोर-सिरोही संभाग

### महावीर इंटरनेशनल आबूरोड़ केंद्र नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल आबूरोड़ केंद्र व महावीर इंटरनेशनल सुदर्शना वीरा केंद्र** द्वारा ग्लोबल नेत्र संस्थान, तलेटी व जिला अंधता निवारण समिति, सिरोही के सहयोग से एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मानपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 345 मरीजों की नेत्र जांच की गई व 255 मरीजों को चश्में भी दिए गए। 58 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन कर मरीजों को शिविर स्थल से ही ग्लोबल हॉस्पिटल,



नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा व लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

तलहटी ले जाया गया जहां आवश्यक जांचों के पश्चात उनके ऑपरेशन किए जाएंगे। शिविर में वीरा केंद्र चेयरपर्सन वीरा मंजू सिंघल, वीरा शकुन्तला मेवाड़ा, वीरा आनंदी परसराम पुरिया, वीरा मंजू कोठारी, वीरा डिम्पल कोठारी व वीर केंद्र चेयरमैन वीर संपतराज मेवाड़ा, वीर महेन्द्र मरडीया, वीर सुरेश कोठारी, वीर अवनेश जैन, वीर डॉ. विक्रांत सक्सेना, वीर सलीम खान, वीर कल्पेश सोनी, वीर सुरेन्द्र भूषण शर्मा, वीर भरत शाह, वीर के.के. अग्रवाल, वीर कुलदीप डांगी, वीर अंकित शाह, वीर डॉ. पी.के. सिंघी, वीर मधुसूदन सर्राफ, वीर संजीव जैन, वीर राजेंद्र अग्रवाल, वीर भूपेंद्र संभारिया, वीर रोशन खण्डेलवाल, वीर दिलीप गोयल उपस्थित रहकर सभी व्यवस्थाएं संभालकर अपना योगदान दिया। ट्रॉमा सेन्टर की टीम के रूप में प्रभारी मांगीलाल मारू, डॉ. ऐश्वर्या जी, शिवम कुमार, हंसाराम जी, पुष्पा जी, अमरिन जी व रेणु जी और पार्षद अमर सिंह जी भी उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल आहोर केंद्र** द्वारा आपेश्वर महादेव मन्दिर चोहटा गांव जोड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित कराया गया व निःशुल्क दवाईयां दी गई। केंद्र चेयरमैन वीर हेमताराम प्रजापत ने बताया कि अमृत आंखों के अस्पताल आहोर के डॉ. अंकुश अग्रवाल, प्रवीण यादव, भरतसिंह राठौड़ व पुखराज शर्मा की टीम द्वारा शिविर में 130 मरीजों की जांच गई व निःशुल्क दवाईयां दी गई व ऑपरेशन लायक मरीजों को चयनित करके अमृत आंखों का अस्पताल आहोर भेजा गया। जोड़ा बिठूडा सरपंच जयंतीलाल कुमावत ने बताया कि निःशुल्क जांच शिविर में



निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

मरीजों को फायदा मिला निःशुल्क दवाईयां दी गई व आयुष्मान योजना मे आने वाले मरीजों का ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। इस अवसर पर रिजनल सेक्रेटरी वीर विक्रमसिंह करनोत, सचिव वीर भरत कुमार शर्मा, अतिरिक्त विकास अधिकारी कानाराम चौधरी, उपसरपंच जवानाराम चौधरी, पूर्व उपसरपंच हबताराम प्रजापत, राणाराम प्रजापत, मादाराम प्रजापत उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल शिवगंज सुमेरपुर केंद्र निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल शिवगंज सुमेरपुर केंद्र एवं अलंकार फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में** मारवाड़ी इंटरनेशनल के संयोजक दीपक गोयल बताया कि निःशुल्क नेत्र एवं



निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर का आयोजन

स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर का आयोजन अंबे माता मंदिर परिसर जाकर भट्ट आबूरोड में किया गया। जिसमें शिविर में जरूरतमंद मरीजों की आंखों की जांच मशीन द्वारा की गई व 200 लोगों को निःशुल्क चश्में व दवाईयां वितरित की गई और 17 लोग आंखों के ऑपरेशन के लिए चयनित हुए। सचिव वीर अशोक जैन अपने कैम्प का अवलोकन करते हुए मेडिकल उपकरणों का सह सचिव वीर नरेश सांखला के साथ टङ्गव साइन किया। डॉ. मनन कुमार ने कैम्प में पधारे हुए मरीजों की जांच की, वीर अशोक जैन ने कैम्प में पधारे हुए सभी मरीजों को कैम्प में मिली सेवाओं को लेकर जानकारी ली। कैम्प में संयोजक वीर दीपक गोयल, सह संयोजक वीर नरेश सांखला, वीर रजत जवाहर, वीर योगेश पटवा, वीर भरत कुमार, वीर जितेंद्र कुमार, वीर गोविंद वैष्णव, वीर कल्पेश वैष्णव, वीर गौतम उपस्थित रहे।

# रीजन-7

## भोपाल संभाग

## महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र उपयोगी सामग्री वितरण एवं गणतंत्र दिवस का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल ग्वालियर केंद्र** द्वारा 15 जनवरी को स्थान- माधव वृद्धाआश्रम, लक्ष्मीगंज (हनुमान चौराहा), लश्कर, ग्वालियर में दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली सामग्री जिसमें-चना, चीनी, गुड, आटा, चाय पत्ती, कम्बल, मोजे, स्वेटर, रिफाइंड, पर्स, नहाने वाला साबुन, कपड़े धोने वाला साबुन, दाल, चावल, बिस्कुट आदि वितरण किया गया। 26 जनवरी को 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक विद्यालय, दाना ओली, शिव नगर, कैथोलिक कब्रिस्तान के सामने, पुराना गोशीपुरा रेलवे स्टेशन, ग्वालियर में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य, मुख्य अतिथि एवं केंद्र के सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व चेयरमैन वीर अरुण चोरड़िया ने किया, जबकि केंद्र चेयरमैन वीर सुदर्शन जैन (चेयरमैन) एवं वीर अजित संचेती ने आयोजन





उपयोगी सामग्री वितरण एवं गणतंत्र दिवस का आयोजन

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को 10 किलो मोतीचूर के लडडू वितरित किए गए। गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने देश की एकता और अखंडता की शपथ ली और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रमों में केंद्र चेयरमैन वीर सुदर्शन कुमार जैन, वीर अरूण चोरड़िया, वीर अजित संचेती, वीर राकेश शिवहरे, वीर पंकज कोठारी, वीर अजय जैन, वीर मुकेश जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## इंदौर-उज्जैन संभाग

### महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल इंदौर केंद्र** द्वारा 25 जनवरी को तिहि गांव में कॉनकॉर डिपो के पास पंचायत भवन, टिही में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर





**नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन**

में श्री अमोल येम्यार सी.एम. कॉनकॉर, श्री अजीत राणा सी एंड ओ कॉनकॉर, श्रीराम पटेल, सरपंच टिही गांव, केंद्र चेयरमैन वीर राकेश नाहर, पूर्व चेयरमैन एवं उप निदेशक वीर प्रदीप टोंगिया, निदेशक वीर जे.के. मूंदड़ा, वीर उषा मूंदड़ा ने शिविर में भाग लिया। शिविर में कुल पंजीकरण: 114, नेत्र जांच: 76, सामान्य जांच: 76, ब्लड शुगर: 69, रक्तचाप: 69, ई.सी.जी. 2, मोतियाबिंद 1 पाया गया चश्में का वितरण: 30, कुल ओपीडी: 292 एवं नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई। मेडिकैप्स अस्पताल, राव द्वारा नि:शुल्क दंत स्वास्थ्य जांच भी प्रदान की गई। केंद्र द्वारा आनंदम नेत्रालय, इंदौर की मदद से निकुंज मांगलिक परिसर, कलेक्टर कार्यालय शाजापुर एवं एलआईसी कार्यालय शाजापुर में नेत्र जांच शिविर के आयोजन किए गए। शिविरों में 501 मरीजों की आंखों की जांच की गयी जिनमें से 28 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। इस अवसर पर वीर प्रदीप टोंगिया ने शिविर में भाग लिया। इन शिविरों में A.I.R. मशीन की मदद ली गई जो महावीर इंटरनेशनल दिल्ली केंद्र द्वारा पेट्रोनेट एल.एन.जी. से CSR के तहत प्राप्त हुई थी।

### महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उज्जैन केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर सरकारी चरक अस्पताल उज्जैन में निर्धन परिवार के जन्मे बच्चों को इंफेक्शन से बचाव बेबी किट का नि:शुल्क वितरण वीर कैलाश एंव वीरा कृष्णा तोतला के सौजन्य से किया गया। केंद्र द्वारा महावीर भोजनशाला देवासगेट उज्जैन पर समाज रत्न स्वर्गीय श्री शांतिलाल जी साहब सेठिया की पुण्य स्मृति में श्री प्रकाश जी, गौतम जी सेठिया परिवार एवं





**बेबी किट एवं भोजन वितरण कार्यक्रम**

स्वर्गीय श्री विजय चंद जी कोठारी की पंचम पुण्य तिथि पर श्रीमती कमला देवी, अजेश संजना व यश कोठारी परिवार द्वारा मिष्ठान्न सहित भोजन सेवा की गई। इन अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर सुनील जैन (दोसी), सचिव वीर प्रमोद कोठारी, संयोजक वीर रमणलाल सोनी व कई सदस्य उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर जीवदया सेवा कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल उद्भव केंद्र इंदौर** द्वारा 19 जनवरी को श्री मुरारीलाल तिवारी गौशाला



**जीवदया सेवा कार्यक्रम**

में एक शुभ गाय चारा अभियान के साथ वर्ष की शुरुआत की। इसमें लगभग 20 सदस्यों ने भाग लिया, जिनमें बच्चे भी शामिल थे, जिन्होंने गायों को चारा खिलाना सीखा। सभी सदस्यों ने गायों को गुड़-दलिया के लडडू और घास खिलाई। गौशाला को 20 किलोग्राम गाय खनिज भी दान किया।

## रतलाम-नीमच संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मंदसौर केंद्र** द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर सदस्य वीर सत्यनारायण गोयल के सहयोग से महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपयोग हेतु विद्यार्थियों को 12

पोशाक भेंट की गई। इससे पूर्व संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु कपड़े की थैली प्रोजेक्ट और स्वच्छ पानी हेतु एक्वागार्ड भेंट किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्कूल के विद्यार्थियों को संस्कृतिक कार्यक्रम को बेहतर तरीके से मनाने के लिए उपयुक्त और आकर्षक पोशाक प्रदान करना था। संस्था का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ शिक्षा नहीं, बल्कि हर अवसर पर उन्हें प्रोत्साहित करना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना हैं। केंद्र



**पोशाक वितरण कार्यक्रम**

द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में थैलेसीमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में उपस्थित जिला चिकित्सालय के आरएमओ डॉ. सौरभ मंडवारिया ने थैलेसीमिया के बारे में गहरी जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह एक आनुवंशिक रक्त रोग हैं, जो विशेष रूप से एशियाई और मध्य-पूर्वी देशों में अधिक प्रचलित हैं। इस बीमारी के कारण शरीर में खून की कमी हो जाती हैं और मरीज को लगातार रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) की आवश्यकता होती हैं। संगोष्ठी में डॉ. सौरोभ ने बताया कि थैलेसीमिया के लक्षण जन्म के बाद कुछ महीनों में ही दिखने लगते हैं, जैसे कि बच्चों का लगातार थका हुआ रहना, पीलिया, तंत्रिका तंत्र में समस्याएं और विकास में रुकावट। उन्होंने थैलेसीमिया के विभिन्न प्रकारों पर भी चर्चा की, जैसे कि अल्फा और बीटा थैलेसीमिया, और प्रत्येक प्रकार के लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. सौरोभ ने माता-पिता को सलाह दी कि वे थैलेसीमिया की स्क्रीनिंग कराएं, ताकि इस बीमारी का समय रहते पता चल सके और भविष्य में इससे बचाव किया जा सके। केंद्र चेयरमैन वीर सीए आयुष जैन ने बताया कि केंद्र द्वारा जीवन रक्षक किट प्रोजेक्ट की शुरूवात विमोचन कर की गयी। लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए, यह जीवन रक्षक किट बनाई गई हैं। यह किट आपातकालीन हृदय संबंधी स्थिति व परिस्थितियों में दूसरों की सहायता करने की क्षमता भी प्रदान करता हैं। इन अवसरों पर जोन चेयरमैन वीर राकेश जैन, केंद्र सचिव वीर अरुण अग्रवाल, वीर ओम गोयल, वीर पंकज मित्तल, वीर भावेश बक्शी, वीर कपिल व्यास, वीर राजेश गर्ग, वीर एडवोकेट गौरव रत्नावत, वीर संजय गर्ग, वीर सुजानमल जैन, राजेश नामदेव आदि वीर सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच केंद्र
## बॉटल, बिस्कुट एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल प्रियदर्शिनी नीमच केंद्र** द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में आंगनबाड़ी के बच्चों को पानी की बॉटल, बिस्कुट और मिठाई वितरित की। छोटे-छोटे बच्चों ने कविताएं सुनाई और डांस किया। केंद्र चेयरपर्सन वीरा रेखा



**बॉटल, बिस्कुट एवं मिठाई वितरण कार्यक्रम**

अनुराग जैन ने बच्चों को बसंत पंचमी के बारे में बताया फिर जब उनसे प्रश्न पूछे तो सभी बच्चों ने जवाब दिए। बच्चों का पढ़ाई में रुझान देखकर वीरा रेखा अनुराग जैन ने कहा कि आप अच्छे से पढ़ो और पढ़ाई सम्बन्धित किसी भी चीज की आवश्यकता होगी वो हम पूरी करेगें। इस अवसर पर वीरा प्रियंका पितलिया, वीरा मंजू सेहलोत, वीरा रेखा चौधरी, वीरा प्रियंका मोगरा उपस्थित रही।

# रीजन-8

## सेंट्रल महाराष्ट्र संभाग

### महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र संभाजीनगर
### बेबी किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल मैजिक वीरा केंद्र संभाजीनगर** द्वारा 16 जनवरी एवं 12 फरवरी को वीरा दीपिका द्वारा घाटी हॉस्पिटल में



**बेबी किट वितरण कार्यक्रम**

मैटरनिटी वार्ड में नवजात शिशु के लिए 200 बेबी किट का वितरण किया गया। वीरा रंजू, वीरा संगीता, वीरा सोनाली, वीरा रंजू, वीरा रिता, वीरा दर्शु, लक्ष्मी ताई इन्होंने बेबी किट वितरण संपन्न किया। साथ ही बच्चों के वार्ड में बीमार बच्चों को मनोरंजन हेतु खिलौने, गेम्स वीरा सारिका की तरफ से दिए गए।

## गुजरात संभाग

### महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल सूरत केंद्र एवं श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ श्रावक समाज, पांडेसरा के संयुक्त तत्वावधान में** 5 फरवरी को सेवा भावी वीर डॉ. आर.सी. गुप्ता के आर्थिक सहयोग से 128 जलाराम नगर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की गली, पांडेसरा हाउसिंग बोर्ड, पांडेसरा, सूरत में निःशुल्क नेत्र रोग चिकित्सा एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित किया गया।

## महावीर इंटरनेशनल अभिलाषा वीरा केंद्र सूरत पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अभिलाषा वीरा केंद्र सूरत** द्वारा 7 फरवरी को यशोदा परियोजना के अंतर्गत टी.डी. श्री सरस्वती विद्यालय में 2 गर्भवती महिलाओं और 2 जच्चा मां को पोषण किट प्रदान किए। इसके अंतर्गत गर्भवती महिला के लिये 500gm बादाम, 500gm



पोषाहार किट वितरण कार्यक्रम

घी, 1kg मुंगदाल, 500gm खोपरा, 500gm गुंद, 1kg गुड, 1kg दलिया, 1kg सूजी आदि प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में उधना जोन वार्ड नंबर 23 के उर्मिला त्रिपाठी, वार्ड नंबर 24 के BJP के प्रभारी अश्वनी ठाकुर, टी. डी. श्री सरस्वती विद्यालय के ट्रस्टी चंद्रप्रकाश जी सिंघवी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित और प्रार्थना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही चंद्रप्रकाश जी ने गर्भ संस्कार की जानकारी प्रदान की जो विद्यालय के प्रांगण में नियमित सेशन के रूप में आयोजित होते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन राजश्री बांठिया ने किया। इस अवसर पर वीरा विनिता गोलेच्छा, वीरा ममता हिरण, वीरा ममता विसलोत, वीरा गीता गांधी, वीरा सीमा डागा, वीरा हेमा बम्ब, वीरा प्रेमा लोसर, वीरा सरिता कुकड़ा, सिलाई केंद्र की प्रशिक्षिका हेमलता चोरड़िया आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# मुंबई संभाग

## महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र रक्तदान शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल मुंबई केंद्र** द्वारा 19 जनवरी को सी विंग्स, पवन पुत्र बिल्डिंग कम्पाउंड, नारली आगरी पाड़ा, हनुमान जी मंदिर के पास, 18वीं रोड, खार (पश्चिम), मुंबई-52 में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। अणुव्रत भवन ट्रस्ट शिविर के प्रायोजक रहे। शिविर में 200 से अधिक मरीजों का उपचार, चश्में वितरित 158, फिजियोथैरेपी: 132, ब्लड शुगर जांच: 132, शरीर जांच: 132, बवासीर परामर्श: 4, ईसीजी: 9 की गयी। 2 फरवरी को प्रायोजक श्रीमती चंदादेवी हरिप्रसाद अग्रवाल के सहयोग से सेठ चिमनलाल नाथूराम हाई स्कूल, 11वीं रोड, वी. एन. के पास देसाई अस्पताल, सांताक्रूज पूर्व, मुंबई- 400055 में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल नेत्र जांच मरीज: 117, मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज: 31, चश्में वितरित: 30, अस्थमा के मरीज: 12, सामान्य चिकित्सा जांच मरीज: 30, मधुमेह जांच के



रक्तदान शिविर का आयोजन

मरीज: 110, एक्यूप्रेशर उपचार के मरीज: 28, हियरिंग एड मशीनें: 10, कुल उपचारित मरीज: 478 एवं निःशुल्क वितरित की गई। 6 फरवरी को के.जे. सोमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सोमैया आयुरविहार कॉम्प्लेक्स, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, एवरर्ड नगर के पास, सायन ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र- 400022 में एस.बी. नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट (वीर सुखराज जी नाहर) के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 64 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में वीर राजेंद्र सिंघवी, वीर सुरेश बापना, वीर रिकाबचंद बोथरा, सीए साक्षी पाटेकर ने भाग लिया। 15 फरवरी को सेंट्रल रेलवे कैंटीन हॉल, रेलवे वर्कशॉप, माटुंगा में वीर नवरतन पारख, वीर भास्कर पारख, निधि पारख और पारख परिवार द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इन अवसरों पर केंद्र के पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल नवी मुंबई केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल नवी मुंबई केंद्र** द्वारा महावीर आरोग्यम, तुर्भे स्टोर में 25 जनवरी को मेगा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। मानव सेवा को समर्पित निःशुल्क इस शिविर में डी.वाई. पाटिल हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा 11 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया, जो आने वाले दिनों में किए जाएंगे। मोतियाबिंद ऑपरेशन डी.वाई. पाटिल हॉस्पिटल में प्रेम शांति ट्रस्ट और वीर प्रेमचंद गोलिया परिवार के सहयोग से किए जाएंगे। विशेष







नेत्र जांच शिविर का आयोजन

रूप से डॉ. महेश हरित, डॉ. अश्विनी और आरंभ ट्रस्ट का इस शिविर को सफल बनाने में उनके सहयोग डॉ. बलवंत चोरड़िया द्वारा जनरल चेकअप एवं जांच में सहयोग रहा। डॉ. चोरड़िया ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को गायनेक, पीडियाट्रिक, स्किन, - आयुर्वेदिक, कैम्प किए जायेंगे। इस शिविर में चेयरमैन वीर डॉ. बलवंत चोरड़िया, वीर सीए दिनेश बबेल, वीर सीए मनीष जैन, वीर सीए अविनाश सिंयाल, वीर प्रकाश सांचेती, वीर मोहन पामेचा ने अपनी उपस्थिति से शिविर की शोभा बढ़ाई। यह जानकारी वीर नरेश संघवी द्वारा प्रदान की गई।

## रीजन-9

### महाकौशल संभाग

### महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लामता केंद्र एवं देवजी नेत्रालय जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लामता में नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें लामता



नेत्र जांच शिविर का आयोजन

सहित आसपास क्षेत्र के मरीज ने नेत्र जांच करवाया जिसमें ओपीडी: 69 मरीजों की रही, 26 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए बस द्वारा जबलपुर भेजा गया एवं दवाईयां दी गयी। आयोजनों में वीर सुशील कोचर, वीर डी.एल. हिरेंद्रवार, वीर विनम्र जैन, वीर प्रहलाद पारधी, वीर नितेश श्रीवास्तव, वीर शत्रुघन ठाकरे, डॉ. तंबोली जी एवं समस्त सदस्यों का योगदान रहा।

### महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र** द्वारा 19 जनवरी को नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन श्री कृष्ण मंदिर घोटीघुसमार





रक्तदान एवं नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर का आयोजन

में किया गया। जिसमें मोतियाबिंद के 15 मरीज चयनित हुए। 26 जनवरी को लांजी क्षेत्र में "कपड़े की थैली मेरी सहेली" अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिसमें बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान और छोटे व्यापारी को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का निवेदन किया गया। जिससे प्रकृति पर्यावरण में हो रहे नुकसान को रोका जा सके। अति शीघ्र स्कूलों में जाकर भी अभियान को गति दी जाएगी। इस अभियान में 100 थैली का वितरण किया गया। 28 से 30 जनवरी को घोटी, बोलेगांव, बहेला, साडरा, लांजी एवं भानेगांव में नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में मोतियाबिंद: 60, नेत्र जांच: 300, चश्मा: 50 एवं दवाईयां दी गयी। 12 फरवरी को ग्राम मोहझरी में रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में 49 यूनिट रक्तदान किया गया। 12 फरवरी से 17 फरवरी तक लांजी छात्रावास में बेटियों के लिए 5 दिवसीय आर्ट ऑफ लीविंग का शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 50 बेटियां लाभान्वित हुई।

### महावीर इंटरनेशनल सिंवनी केंद्र सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल सिंवनी केंद्र** द्वारा 13 फरवरी को महात्मा गांधी कन्या शाला में सेनेटरी नैपकिन ब्रांडेड कंपनी का वितरण किया गया।



सेनेटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम

सभी वीरा (पत्नी) सहित चेयरमैन वीर संजय मालू, सचिव वीर संतोष जैन आदि उपस्थित रहे।

## विदर्भ संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चंद्रपुर केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर कोरपना में, स्वर्गीय नरपतचंद जी



नेत्र जांच शिविरों का आयोजन

भंडारी की स्मृति में एवं साओली में नेत्र जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 688 मरीजों की आंखों की जांच की गई। मोतियाबिंद ऑपरेशन के 228 मरीज चयनित किए गए।

### महावीर इंटरनेशनल नागपुर केंद्र गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल नागपुर केंद्र** द्वारा 26



गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

जनवरी को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जरूरतमंदों को कपड़े दान किए गए।

### महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र हल्दी कुकु कार्यक्रम का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल यवतमाल केंद्र** द्वारा हल्दी कुकु कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी महिला सदस्याओं के लिए विभिन्न खेल और मनोरंजनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सचिव श्रीमती शोभाताई दोडेवार, उज्वला भाविक, आरती कामघंटे, तृप्ती सामृतवार, योगीता मंचलवार, सुजाता जीडेवार, यमुना गोविंदवार, अंकीता भाविक,



हल्दी कुकु कार्यक्रम का आयोजन

विशाखा जीड्डेवार, कीर्ती दोरशेटवार, वर्षा बाकमवार, छाया गोर्लेवार, शीतल वड्डेवार, लता महाजन, लता जीडेवार, विद्या सामृतवार, सीमा पातकमवार, प्रीती महाजन, अलका सामृतवार, वैशाली गोषतवार, पल्लवी कट्टेवार, नेहा गोविंदवार, वैशाली अक्कलवार, अर्चना गोपतवार, कविता अंकटवार, रंजना अक्कलवार, योगिता गोविंदवार, ललिता गोविंदवार, कांचन अक्कलवार, उज्वला मिंडेवार, ललिता घोडे आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पहल के कारण महिलाओं को एक साथ आने, खेलों में भाग लेने और एक-दूसरे के साथ आनंद साझा करने का सुनहरा अवसर मिला। सभी सहभागी महिलाओं का अभिनंदन किया गया, और भविष्य में भी इस तरह की पहल को प्रोत्साहित किया जाएगा, ऐसा केंद्र चेयरमैन वीर प्रवीण निमोदीया द्वारा व्यक्त किया गया।

## रीजन-10

## तमिलनाडू-केरला संभाग

### महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से निम्न स्थानों पर नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में अग्रवाल आई एवं एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम द्वारा 814 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिनमें से 45 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए जिनका नि:शुल्क ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। 434 मरीजों की आंखें जांच में कमजोर पाई गई जिनको चश्में बनाकर दिए जाएंगे। 364 मरीजों की मधुमेह व रक्तचाप की जांच की गयी। एक्यूप्रेशर डॉ. लतिका द्वारा इलाज किया गया। जरुरतमंदों को 2 श्रवण यंत्र, पेन बाम, स्प्रे, पेन जेल, कमर पट्टा, मौजें मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा, 48 आई ड्रॉप्स, घुटने के मौजा सर्वाइकल कालर, गरम पानी की थैली, पेन बाम, पेन स्प्रे, कमर पट्टा व घुटने के मोजे हाथ के दस्ताने, बुजुर्गो के लिए सहारे की लकड़ी दिए गए। 20 जनवरी को शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में नेत्र नि:शुल्क सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। 2 फरवरी को शान्तिलाल गुगलिया के सहयोग से पिंजरापोल गौशाला में गायों को हरा चारा, पालक आदि डाला गया। इन अवसरों पर मुख्य अतिथि राजस्थान रत्न श्री के सुभाष चंद जी रांका, विशिष्ट अतिथि श्री जवंत राज प्रतापमल भंडारी एवं राजस्थान श्री एम रिखब चंदसा बोहरा, विशेष आमंत्रित डॉ. के पुंगोदय, डॉ. कमलेश कुमार नाहर, डॉ. शरद कुमार, राजेन्द्र कुमार हीरावत, विमल चंद सा धारीवाल, रजत अध्यक्ष प्रवीण जी टांटिया, जी.डी. रांका, देवेंद्र जी संचेती, केंद्र चेयरमैन वीर निरंजन सोलंकी, उपाध्यक्ष वीर अशोक रांका एवं वीर घेवरचंद नामदेव, सचिव वीर हीरालाल कोठारी, सहसचिव वीर महेंद्र पगारिया,



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

कोषाध्यक्ष वीर ज्ञानचंद कटारिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन वीर प्यारेलाल पितलिया, आई कैम्प चेयरमैन वीर प्रवीण छाजेड़, सोशल मीडिया कन्वेनर वीरा शिल्पा बम्ब, डिप्टी डायरेक्टर पर्यावरण वीर के ललित रांका, डिप्टी डायरेक्टर स्किल डेवलपमेंट वीर बसंत कुमार बरडिया, डिप्टी डायरेक्टर युथ डेवलपमेंट वीर शांतिलाल गुगलिया, सदस्य वीर हुक्मीचंद कुंकुलोल, वीर हस्तीमल जैन, वीर कमलेश बाफना, वीर महेंद्र बोहरा, वीर महेंद्र गुलेच्छा, वीर रमेश रांका, वीर विमल गादिया, वीर संपत राजवैद मुथा, वीर जवरीलाल सुराणा, कमिटी मेंबर वीरा इंद्रा सोलंकी, वीरा उषा खींवसरा, वीरा ललिता गुलेच्छा, वीरा चंद्रा रांका, वीरा मीनाक्षी, डॉ. सोनू बांठिया उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर विभिन्न भामाशाओं के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 1307 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 111 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 948 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 921 मरीजों की रक्तचाप व मधुमेह जांच की गई। 212 मरीजों को आंखों की दवाई का वितरण किया गया। वीर सुरेश सिंघवी द्वारा 28 लोगों ने एक्यूप्रेशर का लाभ लिया। इन अवसरों पर चेयरमैन वीर ज्ञानचंद कोठारी, सचिव वीर दिलीप मेहता, आई कैम्प डायरेक्टर वीरा पूनमचंद मांडोत, वीर विजयराज कटारिया, वीर अजित नागोरी, वीर प्रकाशचंद बम्ब, वीर निर्मल छाजेड़, वीर सचिन सेठ, वीर राजेन्द्र बेताला, वीर राजेन्द्र कुमार खारीवाल, वीर महावीर खाबिया, वीर पुखराज चौधरी, वीर दिलीप जैन, वीर सूंदर वेदमुथा, वीरा इंद्राबाई वेदमुथा, वीरा ललिता नाहर, वीर प्रकाशचंद बोथरा, वीर कमलचंद छाजेड, वीर अरुण लोढा, वीर आदेश बोहरा, वीरा रेखा बोहरा, सूरज बोहरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल चेंगलपेट केंद्र एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में** श्रीमान शा विमलचंदजी सिंघवी परिवार चेंगलपेट के सहयोग से चेंगलपेट स्थिति जैन भवन में 21 जनवरी को 2780वां नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अग्रवाल आई अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 83 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 19 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 60 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। 38 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जांच भी की गई। 15 लोगों को आंखों की दवाई वितरण की गई। शिविर में वीर अजीत चोरड़िया, वीर पदमचंद सिंघवी, निर्मल गड़वानी के साराम सीरवी, दिलीप जैन का सहयोग सराहनीय रहा।

## महावीर इंटरनेशनल हेरिटेज केंद्र चेन्नई
## नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हेरिटेज केंद्र चेन्नई** द्वारा श्रीमती तीजाबाई मोहनलालजी के यादगार में प्रकाशचंद सरला कँवर, मनोज स्वेता, अभिषेक विनीता बोहरा, वड़पलनी वालों के द्वारा श्री एस. एस. जैन संघ पिल्लैयार कोविल स्ट्रीट वड़पलनी के प्रांगण में 14 फरवरी को नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एम.एन.आई. अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने 50 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 10 मरीजों की आंखों



नि:शुल्क नेत्र एवं सामान्य जांच शिविरों का आयोजन

में मोतियाबिंद पाया गया जिनकी सर्जरी करवाई जाएगी। 31 मरीजों को चश्में बनाकर दिए गए। बुजुर्गो को घुटने के मौजें व पेन जैल भी दिए गए। शिविर में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक वीर सीए समदरिया फतेह चंद की उपस्थिति रही। शिविर में चेयरमैन वीर प्रकाश बोहरा, सचिव वीर विमल बोकड़िया, वीर सुरेश कोठारी व वीर अशोक शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

# तेलंगाना संभाग

## महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र
## भोजन वितरण कार्यक्रम

**महावीर इंटरनेशनल अभ्युदय केंद्र** द्वारा विभिन्न तिथियों पर नीलोफर अस्पताल, काचीगुडा स्थानक के पास, कोठी जैन मंदिर एवं गांधी अस्पताल में शिवम, श्याम सुंदर बिदादा, श्याम जैन रत्न श्री सुरेंद्र जी लूणिया परिवार, नवीन जी अलीजार एवं बेंज बाथवेयर-वीर तनिश जैन के सहयोग से 864 लोगों को खाना खिलाया गया। इन अवसरों पर प्रोजेक्ट संयोजक वीर रोशन जैन, वीर अरिहंत नाहर, वीर मोहित सुराना, केंद्र चेयरमैन वीर आयुष कोठारी, सचिव वीरा



भोजन वितरण कार्यक्रम

पूजा पितलिया, संयुक्त सचिव वीरा प्रेरणा जैन उपस्थित रहे।

## महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन

**महावीर इंटरनेशनल हैदराबाद केंद्र** द्वारा "मुट्ठी भर अनाज योजना" (एमबीए योजना) के तहत 28 जनवरी को इंटीग्रेटेड वेलफेयर सोसाइटी (आईडब्ल्यूएस), सुचित्रा में जरूरतमंद लोगों को रु.6,000 की किराने का सामान वितरित किया। 3 फरवरी को कोठी सरकारी मातृत्व अस्पताल, कोटि, हैदराबाद में माँ और बच्चें दोनों के लिए स्तनपान के महत्व को बताते हुए एक स्तनपान जागरूकता शिविर भी लगाया। कुल 150 बेबी किट और 200 सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए। 5 फरवरी को डेंटल मेडिकल कैम्प बेगमपेट में देवनार फाउंडेशन फॉर ब्लाइंड में आयोजित किया गया। कैम्प में डॉ. विजय की अध्यक्षता में देवनार फाउंडेशन फॉर ब्लाइंड के 220 छात्रों की दांतों की जांच की गयी। कैम्प में 7 डॉक्टर्स उपस्थित रहे। कुल परियोजना लागत लगभग रु.15,000/- रही। केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती ने सचिव वीर अर्चना नाहटा और वीर अनिल बोहरा के साथ अन्य टीम के सदस्यों के साथ डॉ. विजय को सम्मानित किया। 6 फरवरी को बेगमपेट में देवनार फाउंडेशन फॉर ब्लाइंड में सीलिंग फैन: 51, स्टील के गिलास: 100, स्टील के चम्मच: 60, सर्विंग चम्मच: 12, स्टील के छिलके: 2, बाल्टी: 3, केले: 23 दर्जन दिए गए। इस परियोजना की कुल लागत लगभग रु.75,000/- रही। 9 फरवरी को लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्थायी प्रोजेक्ट एमआई-एचवाईडी अलेर विजन सेन्टर, श्री कुलपाकजी जैन तीर्थ धर्मशाला में 15वां नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र जांच: 53, मोतियाबिंद ऑपरेशन के मरीज: 08, स्पेक्स वितरण: 23 एवं नि:शुल्क दवाएं वितरित की गई। सभी मरीजों का मोतियाबिंद सर्जरी, दवाएं, आई ड्रॉप और भोजन सेवाओं का ख्याल LCHSEH द्वारा रखा जाएगा। टीम के सभी सदस्यों को दोपहर का भोजन परोसा गया। जुलाई 2023 के महीने से अब तक कुल 15 शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 878 जरूरतमंद मरीजों की सेवा की गई, 100 मोतियाबिंद सर्जरी रोगियों, नि:शुल्क चश्में वितरण और कुल परियोजना लागत लगभग रु.2,36,000/- सहित कुल 745



नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन

जरूरतमंद रोगियों की सेवा की गई। 9 फरवरी को मूनोट हेल्थकेयर फाउंडेशन के सहयोग से जलविहार में वॉकथॉन आयोजित की गयी जिसके सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी गयी। इस अवसर पर सम्मानित गणमान्य व्यक्ति श्री पोन्नम प्रभाकर, श्री जयेश रंजन, डॉ. प्रदीप मूनोट और श्री रवि कुमार वर्मा शामिल हुए। वॉकथॉन का उद्देश्य स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने, शारीरिक गतिविधि के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और MOONOT हेल्थकेयर फाउंडेशन की पहल का समर्थन करने के लिए। वॉकथॉन में 800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें व्यक्तिगत, परिवार और कॉर्पोरेट टीमें शामिल रही। वॉक कैटेगरी 3k, 5k और 7k रखी गयी। इस कार्यक्रम को पूनम प्रभाकर, जयेश रंजन और प्रदीप मूनोट और शिल्पा मूनोट ने संबोधित किया और स्वास्थ्य जागरूकता की आवश्यकता और वॉक के महत्व पर जोर दिया। प्रतिभागियों को टी-शर्ट, पानी की बोतलें और जलपान और नाश्ता प्रदान किया गया। मार्ग पर स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने वाले प्रेरक बैनर और तख्तियां लगी हुई थी। वॉकथॉन से पहले एक फिटनेस विशेषज्ञ द्वारा वार्म-अप सत्र आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा सुविधाएं और एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध थी। अस्थि घनत्व का चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 400 प्रतिभागियों ने अपना परीक्षण कराया। वीर विनोद संचेती ने MOONOT स्वास्थ्य सेवा फाउंडेशन के सहयोग से भविष्य के शिविर में संगठन का समर्थन बढ़ाया। उक्त अवसरों पर केंद्र चेयरमैन वीर विनोद संचेती, सचिव वीरा अर्चना नाहटा, वीर शील कुमार जैन, परियोजना संयोजक वीर बसंत बाफना आदि गणमान्य पदाधिकारीगणों की उपस्थिति रही।

## महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र कपड़े वितरण अभियान

**महावीर इंटरनेशनल ऊर्जा केंद्र** द्वारा 29 जनवरी को मारवाड़ी स्कूल में सफलतापूर्वक कपड़े वितरण अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को अच्छी तरह से फिट कपड़े प्रदान करना, उनकी शैक्षणिक यात्रा में आराम और गरिमा सुनिश्चित करना हैं। इस प्रयास के हिस्से के रूप में, जोन चेयरपर्सन वीर विनय जांगड़ा की सहायता से 60 बच्चों का माप लिया गया, जिन्होंने बच्चों के आकार के अनुरूप कपड़ों के सभी 60 सेटों को उदारतापूर्वक प्रायोजित किया। इसके बाद, छात्रों को कपड़े वितरित किए गए, जिससे उनका आत्मविश्वास और समग्र कल्याण बढ़ा।

# महावीर इंटरनेशनल सुर्खियों में




स्वत्वाधिकारी **महावीर इंटरनेशनल फाउण्डेशन ट्रस्ट** के लिए प्रकाशक, मुद्रक सम्पादक डॉ. रश्मि सारस्वत द्वारा अशोका ऑफसेट, 5-6, लक्ष्मीनारायण मन्दिर कॉम्पलेक्स, गुरुनानकपुरा, राजा पार्क, जयपुर से मुद्रित एवं एस-10, महावीर इन्टरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर से प्रकाशित

**प्रेषक: एस-10, महावीर इंटरनेशनल भवन, जनता कॉलोनी, जयपुर**